# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 4 जून 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-8 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 270, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भारतीय सैन्य रणनीति की जरुरत है थियेटर कमान

रवीना टंडन की 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी ◂◂ 6


# झारखंड बंद का दिखा असर, संवेदनशील इलाकों में पुलिस अलर्ट





**संवाददाता**

**रांचीः** जिले के सिरमटोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के विरोध में और आदिवासी अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा के द्वारा आज झारखंड बंद का ऐलान किया है. बंद को सफल बनाने के लिए राजधानी रांची के कई इलाकों में बंद समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया है। इस दौरान दुकान से लेकर कई संस्थान बंद देखने को मिला. वहीं, दूसरी तरफ बंद के दौरान किसी भी तरह की उपद्रव या फिर हिंसा ना हो, इसके लिए रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है. रांची के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

**रैंप बनकर तैयार, पर नहीं थमा विवाद :** राजधानी रांची के लिए बेहद अहम सिरमटोली फ्लाईओवर बनकर तैयार हो चुका है. लेकिन फ्लाईओवर को लेकर जो विवाद है वह थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर 4 जून को आदिवासी संगठनों ने बंद बुलाया है। राजधानी रांची में बंद का असर रांची के ग्रामीण इलाकों में ज्यादा देखने को मिल रहा है. रांची के टाटीसिलवे, कांके, रातू, ओरमांझी मांडर और दूसरे ग्रामीण थानों में कई स्थानों पर सड़क जाम कर दी गई है। पुलिस की टीम बंद समर्थकों को समझा बुझाकर सड़क पर से हटाने में लगी हुई है।

**अलर्ट मोड पर पुलिस :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरी राजधानी में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. इसके साथ ही साथ उन्होंने बंद समर्थकों से अपील भी की है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करें.। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की तोड़फोड़ या हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सिमडेगा में महिला का धारदार हथियार से काटा गला, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगाः** बांसजोर थाना क्षेत्र में पहाड़टोली जंगल से एक महिला घायल अवस्था में मिली. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को बीरमित्रपुर अस्पताल भिजवाया. जानकारी के मुताबिक, महिला की गर्दन पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। इधर, मामले की जानकारी देते हुए बांसजोर जिला परिषद के सदस्य सेमरॉम पॉल ने बताया कि यह मामला एक व्यक्ति के दो शादी से जुड़ा है. उन्होंने बताया कि ओडिशा की रहने वाली एक महिला, बांसजोर निवासी किसी बागे नाम के शादीशुदा व्यक्ति के साथ दूसरी पत्नी बनकर रहती थी. जिसके चलते दोनों में विवाद हुआ था।

**महिला की हालत गंभीर :** इस मामले में मंगलवार को पहाड़टोली में पंचायत भी कराई गई थी. जिसके बाद मीरा पर हमला कर जंगल में फेंक दिया गया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है. इधर, घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## पंजाब का फेमस यूट्यूबर 'जासूसी' के आरोप में गिरफ़्तार

**मोहाली :** पंजाब पुलिस ने बुधवार को एक और यूट्यूबर जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है, जो अपने चैनल जान महल के जरिए करीब 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर तक पहुंच चुके हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जसबीर सिंह पर पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क से जुड़ने का आरोप है।

रूपनगर जिले के महलान गांव के रहने वाले जसबीर सिंह को मोहाली स्थित राज्य विशेष संचालन सेल ने कारगर खुफिया जानकारी के आधार पर हिरासत में लिया है। जसबीर सिंह हाल ही में गिरफ्तार होने वाली हरियाणा की ज्योति मल्होत्रा के बाद दूसरा डिजिटल कंटेंट क्रिएटर हैं, जिनसे उनकी नियमित बातचीत भी होती थी। पंजाब पुलिस के मुताबिक, जसबीर सिंह का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक के संदिग्ध एजेंट शकीर उर्फ जुट्ट रंधावा से करीबी संबंध था, जो भारतीय मूल का है और पाकिस्तान के लिए काम करता है। इसके अलावा, वह ईमान-उर-रहीम उर्फ डेनिश नाम के पाकिस्तानी नागरिक से भी जुड़े थे, जो पहले जासूसी के आरोप में भारत से निष्कासित हो चुका है और पाकिस्तान हाई कमीशन में काम कर चुका है।

### केंद्रीय बाल विकास मंत्री ने की बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना, कहा

## मोदी सरकार रोजगार देने का कर रही हर प्रयास



**संवाददाता**

**दुमकाः** केंद्रीय बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंची जहां उन्होंने विधि विधान पूर्वक बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना के बाद वन विभाग के विश्राम गृह में भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की।

इस दौरान उनके साथ उनकी अन्य पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे. भोलेनाथ की पूजा करने के बाद बाल विकास मंत्री ने जनकल्याण के लिए महादेव पार्वती की मंगल आरती भी की।

मंत्री के आगमन के दौरान मंदिर परिसर में स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था. अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ की कृपा से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशवासियों के लिए विकासात्मक योजनाएं लागू कर रही हैं. देश के विकास के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर है।

अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि केंद्र सरकार सभी विभागों में रोजगार एवं नियुक्ति उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है ताकि देश को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रोज-रोज नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है. मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनोरमा देवी के अलावा काफी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे. उनसे भेंटवार्ता के बाद मंत्री ने देवघर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान किया।

## मध्य प्रदेशः झाबुआ में दर्दनाक हादसा,9 लोगों की मौत



**झाबुआ (मध्य प्रदेश) :** झाबुआ जिले के मेघनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सीमेंट से भरी ट्रॉली ट्रक अनियंत्रित होकर एक वाहन पर पलट गई, जिससे मौके पर ही 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा मेघनगर के पास एक संकरी सड़क पर हुआ, जब तेज रफ्तार में आ रही सीमेंट लदी ट्रॉली ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह सामने चल रहे वाहन पर जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीचे दबे वाहन में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान जारी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक, सरकार ने की घोषणा




**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र की तारीखों की घोषणा कर दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि मानसून सत्र 21 जुलाई 2025 से शुरू होकर 12 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों–लोकसभा और राज्यसभा–की कार्यवाही चलेगी और विभिन्न विधायी व गैर-विधायी कार्यों पर चर्चा होगी। रिजिजू ने कहा कि सत्र के दौरान कई अहम विधेयकों को पेश करने और चर्चा के लिए लाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही, देश के मौजूदा सामाजिक-आर्थिक हालातों, महंगाई, बेरोजगारी, और आंतरिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी बहस की संभावना है।

संसदीय कार्य मंत्री ने सभी दलों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि यह सत्र सुचारू रूप से चले और देशहित में सकारात्मक चर्चा हो। उन्होंने कहा, ह्लजनता की अपेक्षाओं के अनुरूप संसद को कार्य करना चाहिए। विपक्ष की भागीदारी लोकतंत्र की आत्मा है, और हम सभी से रचनात्मक सहयोग की आशा करते हैं।

कल कांग्रेस समेत 16 विपक्षी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी थी । विपक्षी दलों ने पीएम मोदी को संयुक्त चिट्ठी लिखकर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी।

# पीएम मोदी 6 जून को करेंगे दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल ब्रिज का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जून को जम्मू-कश्मीर की चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब रेल ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह ऐतिहासिक पुल न केवल कश्मीर घाटी को पूरे भारत से जोड़ेगा, बल्कि क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को भी नई गति देगा।




दरअसल, चिनाब रेल ब्रिज को इंजीनियरिंग का एक आधुनिक चमत्कार कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जम्मू और कश्मीर में स्थित यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। यह ब्रिज पेरिस के मशहूर एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है और दिल्ली की मशहूर कुतुब मीनार से लगभग 287 मीटर ऊंचा है।

चिनाब रेल ब्रिज नदी के तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में 1315 मीटर का यह ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस पुल का निर्माण 1486 करोड़ की लागत से किया गया है। यह 266 किमी प्रति घंटे तक की हवा की गति का सामना कर सकता है। साथ ही यह ब्रिज भूकंपीय क्षेत्र पांच में स्थित है और रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता के भूकंप को सहने में सक्षम है।

इसके अलावा, चिनाब रेल ब्रिज की वजह से कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय घटकर 3 घंटे और कम हो जाएगा। इसके शुरू होने से घाटी के लोगों के आने-जाने का समय काफी बच पाएगा। चिनाब ब्रिज पर पहला ट्रायल रन जून 2024 में सफलतापूर्वक पूरा हुआ था। इसके बाद जनवरी 2025 में वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बीते 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल नये पंबन रेल पुल का उद्घाटन किया था।

2.08 किलोमीटर लंबा यह ब्रिज कई मायनों में खास है। इसमें 18.3 मीटर के 99 स्पैन और 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है। यह पुराने ब्रिज से 3 मीटर ऊंचा है, जिससे बड़े जहाज आसानी से गुजर सकते हैं। इसके ढांचे में 333 पाइल हैं। इसमें एंटी-कोरोजन तकनीक, पॉलीसिलॉक्सेन पेंट, उन्नत स्टेनलेस स्टील और फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ रहेगा। इस ब्रिज के निर्माण ने भारत की डिजाइन और सर्टिफिकेशन में तकनीकी श्रेष्ठता को साबित किया है।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

## ब्याज दरों में कटौती की संभावना 6 जून को आएगा फैसला

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक बुधवार को मुंबई में शुरू हुई। इस बैठक में नीतिगत ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएगा। मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की घोषणा 6 जून को होगी। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा इसका एलान करेंगे।

**घटती महंगाई के बीच यह बैठक है अहम :** यह नीतिगत बैठक ऐसे समय में हो रही है जब देश में महंगाई में लगातार नरमी दिखी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय के डेटा के अनुसार, भारत में खुदरा महंगाई अप्रैल में घटकर घटकर 3.16 प्रतिशत हो गई। यह मार्च में 3.34 प्रतिशत थी। चूंकि महंगाई दर 4 प्रतिशत से कम है। ऐसे में समिति नीतिगत फैसला लेते समय इसे ध्यान में रख सकती है।



**ब्याज दरों में कटौती की संभावना- एसबीआई रिपोर्ट :** भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के इस बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना है। ब्याज दरों में 50 आधार अंक तक की कटौती हो सकती है। एसबीआई को विश्वास है कि इस कटौती से क्रेडिट साइक्ल को पुनर्जीवित किया जा सकेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसमें कहा गया था कि ढील देने के लिए ब्याज दरों में 100 आधार अंकों तक की कटौती हो सकती है।

**फरवरी और अप्रैल में हुई थी ब्याज दरों में कटौती :** पिछली एमपीसी बैठक में केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 25 आधार अंक यानी 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। इससे रेपो रेट 6.25 से घटकर 6 प्रतिशत हो गया। यह बैठक साल 2025 में 7,8 और 9 अप्रैल को हुई थी। फरवरी 2025 में भी ब्याज दरों में 25 आधार अंक की कटौती की थी। इससे रेपो रेट 6.5 से घटकर 6.25 प्रतिशत हो गया था। लगातार दो बार ब्याज दरों में कटौती और महंगाई में कमी आने के बाद, अर्थशास्त्री कि इस बैठक पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# झारखंड को उच्च शिक्षा में आगे है बढ़ाना, 2047 तक भारत शिक्षा के बदौलत होगा विकसित : राज्यपाल

संवाददाता

सरायकेलाः उच्च शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को काफी आगे बढ़ाना है. विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर राज्य में बेहतर शिक्षा व्यवस्था स्थापित की जाएगी. यह बाते झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गम्हरिया स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कही.

सरायकेला के अर्का जैन विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को तीसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी मौजूद रहे. कार्यक्रम में पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड आफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया. दीक्षांत समारोह में




राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया.

छात्र सफल होकर जिम्मेदार नागरिक का भुमिका अदा करें: राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य को आगे बढ़ाना है. उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अब उन्हें कर्म के क्षेत्र में जाने की तैयारी शुरू कर लेनी है. राज्यपाल ने कहा कि छात्र शिक्षा ग्रहण कर एक सफल और जिम्मेदार नागरिक की भी भूमिका अदा करें. उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हो चुका है, जल्द ही हम तीसरे स्थान पर होंगे.

टाटा समूह की तारीफ करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि जमशेदपुर शहर टाटा परिवारों के आदर्श पर स्थापित है. उन्होंने कहा कि छात्रों को इससे प्रेरणा लेने की जरूरत है. एक सवाल के जवाब में राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षक की कमी को देखते हुए इसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा.

## शिक्षा सबसे बड़ा हथियारः चंपाई सोरेन

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षित होकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं. शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है. उन्होंने कहा कि गम्हरिया क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक डिग्री कॉलेज स्थापना का भी प्रस्ताव उन्होंने लाया था. ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी उच्च तकनीकी शिक्षा मिल सके. पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है जो बांटने से खत्म नहीं होता, बल्कि उल्टे बढ़ता है.

## समारोह में 2322 छात्रों को डिग्री, 48 को गोल्ड मेडल दिया

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2023 और 2024 में पास होने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के कुल 2322 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई. साथ ही विभिन्न संकायों के 48 टॉपर्स को गोल्ड मेडल से नवाजा गया. इनमें वर्ष 2023 के पास आउट 26 तथा 2024 के 22 गोल्ड मेडलिस्ट शामिल रहे. दीक्षांत समारोह में यूनिवर्सिटी के कुलपति ईश्वरन अय्यर, रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव, कोल्हान यूनिवर्सिटी सीनेट मेंबर राजेश शुक्ला, कुलपति एसएस रज्जी और प्रति कुलपति अंगद तिवारी मौजूद थे.

# पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में पासिंग आउट परेड, 622 अग्निवीर सैनिक बने इंडियन आर्मी का हिस्सा

संवाददाता

**रामगढ़ः** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहरी ग्राउंड में 5वें बैच की 622 अग्निवीर रिक्रूटर्स की पासिंग आउट परेड आयोजित हुई. 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के समापन पर यह पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया. परेड की समीक्षा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पी.जी. द्वारा की गई.

देश की सेवा में पंजाब रेजिमेंट का अहम योगदान

अग्निवीर रिक्रूटर्स देश की आन, बान और शान की रक्षा करने के लिए अंतिम पग रखा और भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गए. बता दें कि रामगढ़ जिले में अवस्थित पंजाब रेजिमेंट सेंटर का इतिहास वीरता से भरा हुआ और गौरवशाली रहा है. देश की सेवा में पंजाब रेजिमेंट के बहादुर जवानों ने अपना सर्वस्व बलिदान करते हुए न केवल पंजाब रेजिमेंट का बल्कि राष्ट्र के गौरव को भी बढ़ाया है.

### अग्निवीर सैनिकों में खुशी

इस मौके पर अग्निवीर सैनिक आर्यन शर्मा ने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश से हैं. वह इस वक्त अपने आप को काफी



गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. उनके लिए यह बहुत बड़ा दिन है कि वह आज पंजाब रेजिमेंट सेंटर से पास होकर वे अग्निवीर सैनिक बन गए हैं.

वहीं, कार्यक्रम में शामिल हुए अग्निवीर सैनिक पंच परिहार के पिता रिटायर्ड सूबेदार राजीव कुमार ने कहा कि उनकी चौथी पीढ़ी है, जो देश की सेवा के लिए तैयार है. उन्होंने भी 28 साल तक देश की सेवा की है, अब उनका 19 साल का बेटा सैनिक बन गया और वह देश की सेवा करेगा, इसके लिए उन्हें काफी गर्व है.

प्रशिक्षिण में आधुनिक ट्रेनिंग

पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश ने कहा कि हमारी सेना का गौरवशाली इतिहास सबको पता है और इसी का हिस्सा बनने का सौभाग्य हमें मिला है. इन 31 सप्ताह की कठिन ट्रेनिंग के दौरान नए तकनीकी उपकरणों की जानकारी, कंप्यूटर ट्रेनिंग शिक्षा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और आधुनिक हथियारों के साथ पूर्णता संचालन करने की सीख दी गई है.

### कुशल अग्निवीर होने का परिचय देने का समय

इसके अलावा शारीरिक और मानसिक रूप से ट्रेनिंग भी दी गई है, ताकि भविष्य में आने वाली हर चुनौतियों का मुकाबला कर सकें. शपथ ग्रहण करने के बाद आपके कंधों पर देश की रक्षा का भार आ जाता है. अब इन अग्निवीर सैनिकों को विभिन्न यूनिट में जाकर अलग-अलग ऑपरेशन में भाग लेंगे और खुद को कुशल अग्निवीर होने का परिचय देना है.

### बदलती परिस्थिति के हिसाब से दिया गया प्रशिक्षिण

कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश ने बताया कि अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने आप को तैयार रखना है. ऑपरेशन सिंदूर के हिसाब से जिस तरह लड़ाई लड़ी जा रही है, उसमें काफी बदलाव हुए हैं. इसे देखते हुए थोड़ा बहुत ट्रेनिंग में बदलाव किए गए हैं. अगली बैच के अग्निवीरों को थोड़ा और इस तरह की तकनीकी जानकारी दी जाएगी. हालांकि पंजाब रेजिमेंट में जो अभी ट्रेनिंग दी गई है, वह करंट, आधुनिक और वर्तमान परिदृश्य में हुआ है.

उन्होंने ट्रेनिंग स्टाफ और इंस्ट्रक्टर के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने इन अग्निवीरों को सक्षम, जिम्मेदार और भविष्य के दूरदर्शी सैनिकों के रूप में ढालने के लिए बेहतर प्रयास किया है. समारोह के अंत में अग्निवीरों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय सुरक्षा, वर्दी का सम्मान और भारतीय सेना की सब से समृद्ध परम्पराओं को बनाए रखने की शपथ ली. सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, सभी माता- पिता को पारंपरिक 'गौरव पदक' प्रदान किया गया.

# तीन साइबर अपराधी इंदौर से गिरफ्तार, 15 लाख की ठगी का आरोप



संवाददाता

**बोकारोः** साइबर अपराधियों की तलाश में झारखंड पुलिस की टीम ने दूसरे राज्य में कार्रवाई की है. बोकारो पुलिस की साइबर सेल की टीम ने इंदौर से साइबर अपराधियों को शिकंजे में लिया है. मध्य प्रदेश के इंदौर से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में बोकारो पुलिस ने कामयाबी हासिल की है. इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में कैश के साथ साथ अन्य सामान बरामद किए हैं. इन गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा इंदौर में संचालित कॉल सेंटर से ठगी किये गये 14 लाख 33 हजार 080 रुपये कैश, एक पैसा गिनने वाला एलसीडी डिस्पले मशीन, 3 मोबाइल, 16 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस और फर्जी स्टॉक मार्केटिंग में लगे लड़के लड़कियों का डेली हाजिरी रजिस्टर भी जब्त किया है. इन साइबर ठगों ने बोकारो जिला के आईईएल थाना क्षेत्र के रहने वाले उत्तम कुमार सिंह से स्टॉक ट्रेडिंग में लाभ पहुंचाने के नाम पर 1 दिसंबर 2024 से 25 मार्च तक कुल 14 लाख 73300 की ठगी की थी. इस मामले में पीड़ित ने मामला दर्ज कराया था. जिसमें ये कार्रवाई हुई है.

बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि साइबर अपराध की दृष्टिकोण से यह एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है. जिसमें इंदौर से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. जिनका नाम गौरव जुनी उर्फ गौरव पांचाल पूर्व आशीष यादव उर्फ सूरज, निहाल उर्फ निहाल सोनोने और पारस मरमत है. इन तीनों साइबर अपराधियों के द्वारा आम लोगों को आसानी से पैसे कमाने और पैसे बढ़ाने के नाम पर अलग-अलग नाम से फोन कर अपने चंगुल में फंसा लेते थे और उनसे ठगी करते थे.एसपी ने बताया कि जिस तरह से उनके कॉल सेंटर से सामान की बरामदगी हुई है. हम कह सकते हैं कि बड़ा साइबर ठगी का एक नेटवर्क पकड़ में आया है. आगे पूछताछ के बाद ही मामले का और खुलासा हो पाएगा. एसपी ने बताया कि इस टीम में जो भी पदाधिकारी शामिल है, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा.

# फाइनेंस कंपनी में करोड़ों की लूट के फिराक में थे अपराधी, हथियार समेत 4 को पुलिस ने दबोचा

**धनबादः** जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने हथियार समेत चार अपराधी को गिरफ्तार किया है. अपराधियों के पास से दो बंदूक, छह जिंदा गोली, तीन स्मार्टफोन और दो बाइक बरामद किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों की धनबाद में डकैती की घटना को अंजाम देने की तैयारी थी. आरोपियों ने बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में डकैती की योजना बनाई थी. माइक्रो फाइनेंस में प्रवेश से पहले ही चारों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए. इस गिरफ्तारी में तीन और आरोपी थे, जो इस गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देते. लेकिन धनबाद आने के दौरान रास्ते में ही उन तीनों को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी



कि कुछ अपराधी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में डकैती करने वाले हैं. डकैती को रोकने और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी दल का गठन किया गया. छापेमारी टीम द्वारा माइक्रो फाइनेंस कंपनी में प्रवेश करने से पहले चारों अपराधियों को पकड़ लिया गया. पकड़े गये अपराधियों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया कि पुरुलिया जेल में बंद गुड्डू उर्फ ओम प्रकाश प्रसाद के आदेश पर बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में डकैती करने आये थे. इस गिरोह के द्वारा पूर्व में भी कई बैंकों और आभूषण दुकानों में डकैती की घटनाओ को अंजाम दे चुका है. सिटी एसपी ने बताया कि अपराधी द्वारा पुरुलिया जिले में अगस्त 2023 में सेनको गोल्ड आभूषण दुकान में 8 करोड़ रुपए के आभूषणों की डकैती की गयी थी. इस कांड में गिरोह का सरगना गुड्डू उर्फ ओम प्रकाश प्रसाद शामिल था. जो वर्तमान में पुरुलिया जेल में बंद है. वहीं दूसरा सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति करमजीत सिंह सिद्ध है, जो वर्तमान में धनबाद से गिरफ्तार हुआ है

# मंत्री इरफान अंसारी की अपीलः फ्लाईओवर से सबको होगा फायदा

संवाददाता

रांचीः सिरम टोली में सरना स्थल के सामने से फ्लाई ओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों द्वारा 4 जून को बुलाए गए झारखंड बंद पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने प्रतिक्रिया दी है.

मंत्री ने आदिवासी संगठनों से बंद वापस लेने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा है कि पहली बार ऐसा मुख्यमंत्री मिला है राज्य को, जो आउट ऑफ वे जाकर काम करता है. हमारे मुख्यमंत्री आदिवासियों का अहित कभी नहीं कर सकते हैं. वो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं. हम लोग हर मोड़ पर आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ते हैं. इसलिए बंद मत कीजिए. मंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी वाले तो मजा




लेंगे. 24 साल से एक भी फ्लाईओवर नहीं बना था. आज मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर दिया है. उस फ्लाईओवर पर आखिर कौन चलेगा. यहां के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी. कई बार जाम में एंबुलेंस के फंसने से मरीज की मौत हो जाती थी. मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि वह खुद इस मसले पर आदिवासी संगठनों से बात करेंगे. कहा कि फ्लाईओवर बनने से पहले यह बात की गई होती तो कुछ हो भी सकता था. रांची के एक बड़े होटल में आयोजित अल्ढक कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक और चिकित्सकों को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने यह बात कही है. यह कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ढटखअ) के तहत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, और अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा. मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि कुछ अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया जाता है. कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है.

उन्होंने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को जल्द से जल्द लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया. उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है. अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार ठलअ से संपर्क में है.

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं. राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में कुल लगभग 15,500 बेड हैं। सरकार हर साल 2,000-3,000 नए बेड जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एक लाख बेड का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके. एनएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है. राज्य के 85% लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है। झारखंड पहला राज्य है जहां कर्मचारियों को असीमित बीमा कवर दिया जा रहा है. इस कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, सैयद अहमद अंसारी, डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. अनंत सिन्हा, डॉ. अजय सिंह, डॉ. शंभू, डॉ. प्रदीप सिंह, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

## न्यूज IN ब्रीफ

### हथियार वाली दोस्ती, गिरफ्तार होने पर मित्र को भी फंसा दिया



**पलामूः** जिला पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दोनों युवकों के पास से दो देसी कट्टा और गोली बरामद किया है.दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि लेस्लीगंज के थाना क्षेत्र के भकासी के रहने वाले सुनील कुमार के पास अवैध हथियार मौजूद हैं और उसकी गतिविधि संदिग्ध है. इसी सूचना का आलोक में लेस्लीगंज थाना की पुलिस सुनील कुमार के घर पर सर्च अभियान के लिए पहुंची थी. पुलिस को देख सुनील कुमार भागने लगा पुलिस ने उसे दौड़ा कर पकड़ा और उसके पास से एक देसी कट्टा और गोली को बरामद किया. गिरफ्तार सुनील कुमार ने लेस्लीगंज थाना की पुलिस के बाद बताया कि उसके एक दोस्त के पास भी अवैध हथियार मौजूद है. सुनील कुमार द्वारा मिली जानकारी के बाद पुलिस ने लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के चनैगिर में छापेमारी की और मौके से करण कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया. करण कुमार के पास से पुलिस ने देसी कट्टा और गोली को बरामद किया. पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को कई जानकारी दी है जिसके बाद पुलिस आगे के सर्च अभियान चला रही है. पुलिस दोनों दोस्तों को हथियार सप्लाई करने वाले व्यक्ति की तलाश में छापेमारी कर रही है. पुलिस के अनुसार दोनों युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे. लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों दोस्तों के पास से हथियार बरामद हुआ है. पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. इधर पलामू की छतरपुर थाना की पुलिस ने भी सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए फोटो पोस्ट करने को लेकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.

### फोर लेन के पेटी कॉन्ट्रेक्टर ने कर दिया कांड जांच करने पहुंचे अधिकारियों को दे दी धमकी



**गिरिडीहः** कल्याणडीह से पचम्बा होते हुए से गिरिडीह शहर के टावर चौक तक फोर लेन सड़क बन रही है. यहां सड़क निर्माण शुरू होने के बाद से ही विवाद हो रहा है. कभी कार्य में देरी की शिकायत पर लोगों ने मोर्चा खोला तो काफी गुणवत्ता को लेकर लोग गोलबंद हुए.

**अभियंताओं को मिली खुलेआम धमकी**

इस बार भी नाली निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत लोगों ने विभाग से की. शिकायत पर बिशनपुर में जांच करने पहुंचे पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ न सिर्फ दुर्व्यवहार हुआ बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी मिल गई. इस मामले को लेकर सहायक अभियंता मनोज कुमार सिंह और कनीय अभियंता आफताब आलम पचम्बा थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करवायी.

**पेटी कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत**

दोनों अभियंता ने बताया कि उन्हें यह शिकायत मिली थी कि फोर लेन बन रही सड़क के नाली निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है. स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत की तो कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर वे जांच करने पहुंचे. यहां जांच में गड़बड़ी मिली तो नाली को फिर से ढालने का निर्देश मौके पर मौजूद पेटी कॉन्ट्रेक्टर को दिया गया. उनके द्वारा निर्देश देने पर मौके पर मौजूद पेटी कॉन्ट्रेक्टर ने धमकी देना शुरू कर दिया. उन्होंने कहा कि जिस तरह से काम हो रहा है, उसी तरह होगा. इस दौरान जान मारने की भी धमकी दी गई. बता दें कि इससे पहले भी इस सड़क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की जांच करने पर वरीय अधिकारी को भी धमकी मिल चुकी है. धमकी का आरोप अमन नामक व्यक्ति पर लगा है.

### रांची में नकली सॉस और विनेगर फैक्ट्री पर छापा, फूड टेस्टिंग लैब में भेजा गया सैंपल

**रांचीः** झारखंड के अलग-अलग शहरों में मिलावटखोर हावी होते जा रहे हैं. फूड सेफ्टी विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर रातू थाना क्षेत्र में मौजूद एक मकान में रेड डाला तो सबके होश उड़ गए. वहां से 4020 लीटर सॉस और 960 लीटर विनेगर बरामद हुआ है. खास बात है कि वहां से सब्जी (टमाटर और मिर्च) का एक कतरा भी बरामद नहीं हुआ है. जिसका इस्तेमाल आम तौर पर अलग-अलग तरह के सॉस बनाने में होता है. बरामद सैंपल को स्टेट फूड टेस्टिंग लैब में भेज दिया गया है. छापेमारी का नेतृत्व रांची के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने किया. उनके साथ खाद्य सुरक्षा कर्मी शिवनंदन यादव और सजल श्रीवास्तव के अलावा रातू थाना के पुलिसकर्मी भी रहे.खास बात है कि बिल्कुल अनहाइजीनिक तरीके से नकली सॉस बनाकर बोतल में भरकर सील किया जा रहा था. गंदे ड्रम और बाल्टी में सॉस का घोल तैयार कर मग से बोतल में भरा जा रहा था. बोतल में सॉस भरने का काम कुछ महिलाएं कर रही थीं. जिस जगह नकली सॉस बनाया जा रहा था उसके आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ था. कर्मियों से जब संचालक के बारे में पूछा गया तो किसी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कमरे में नकली सॉस बनाया जा रहा है. लिहाजा, रेड डालने से पहले रेकी की गई, पूरी तसल्ली होने के बाद छापेमारी की गई. उन्होंने कहा कि सैंपल को लैब में भेज दिया गया है और फूड एनालिस्ट से जल्द से जल्द रिपोर्ट देने का आग्रह किया गया है. बता दें कि पिछले दिनों हजारीबाग और रामगढ़ से भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद हुआ था.



न्यूज IN ब्रीफ

## दूसरे की गाड़ी को अपना बताकर बेचा, केस दर्ज

**रांची :** रांची के धुर्वा के रहने वाले राहुल कुमार से गाड़ी की बिक्री के एवज में 15 लाख की ठगी की गई है। इस संबंध में राहुल कुमार ने भारत तिवारी, सत्येंद्र तिवारी और अभिषेक तिवारी के विरुद्ध धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। राहुल कुमार की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह मूल रूप से बिहार के जहानाबाद के रहने वाले हैं। वर्तमान में पप्पू कुमार सिंह की कंपनी में बतौर चालक काम करते हैं। यूपी निवासी भारत तिवारी अक्सर उनकी कंपनी में बड़ी और महंगी गाड़ी लेकर आते थे।

इसी बीच उनसे अच्छी जान- पहचान हो गई। एक गाड़ी खरीदने की इच्छा जतायी। 17 अगस्त 2024 को आरोपी ने उन्हें फोन किया और जल्दी गाड़ी ले जाने की बात कही। उस वक्त पांच लाख रुपए नगद की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कर्ज लेकर 15 लाख का भुगतान किया। कागजात देकर आरोपी ने उन्हें गाड़ी दी। इसके बाद गाड़ी को उन्होंने अपने गांव भेज दिया। हाल के दिनों में पता चला कि गाड़ी के सारे कागजात फर्जी हैं। गाड़ी भी भरत तिवारी की नहीं है। जिसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस जांच में जुट गई है।

## संजय सेठ ने साइकिल की सवारी की

**रांची :** विश्व साइकिल दिवस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली में साइकिल की सवारी की। मंत्री ने 10 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। यह उत्साही भागीदारी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए मंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साइकिल रैली का नागरिकों और दर्शकों से भी उत्साही समर्थन मिला, जो हरित गतिशीलता पहलों के लिए बढ़ती जागरूकता और प्रशंसा को दशार्ता है।

## रैंप विवाद पर आशा लकड़ा ने बुलाई बैठक नहीं पहुंचे सचिव



**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव, कल्याण विभाग के सचिव और पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। लेकिन बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार अनुस्थिति रहे। इसपर डॉ लकडा भड़क गईं और कहा कि जब आयोग की ओर से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने व्यस्तता का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुए।

इसके बाद फिर आयोग की टीम बैठक में भी नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव सुनील कुमार का यह रवैया ठीक नहीं है। वे आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ही उपस्थित नहीं हैं तो संबंधित विषय पर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाएगा। इसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई।

**मुख्य सचिव ने सरना स्थल के संरक्षण का दिया आश्वासन :** मौके पर डॉ लकडा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से भेजे गए नोटिस का जवाब दें, ताकि सिरमटोली सरना स्थल के समीप कराएं गए रैंप निर्माण और केंद्रीय सरना स्थल को संरक्षित करने की दिशा में उचित निर्णय लिया जा सके।

इस दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि आयोग की ओर से सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप से संबंधित दिए गए दिशा-निर्देश और सुझाव से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को भेज दिया जाएगा, ताकि संबंधित विषयों पर उचित कार्रवाई हो सके।

आयोग के कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से संबंधित मामले की जांच की जा रही है, तब तक संबंधित योजना का न तो उद्घाटन किया जा सकता है और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य। संबंधित योजना यथावत रहेगी।

मौके पर रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर विकास विभाग के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार, एनसीएसटी के डिप्टी सेक्रेटरी योगेंद्र यादव, रिसर्च आफिसर एचआर मीणा, अनुसंधान अधिकारी राहुल, लीगल आफिसर राहुल यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग बर्दास्त नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हम स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, और अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा। राज्य के लोगों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा। डॉ अंसारी मंगलवार को राजधानी रांची स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित एएचपीआई कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक एवं चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे । यह कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था।

**स्वास्थ्य व्यापार नहीं सेवा है :** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कुछ अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया जाता है। कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके हक का इलाज मिलना चाहिए और योजना का पूरा लाभ भी। ऐसा कोई भी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा की स्वास्थ्य व्यापार नहीं सेवा है , इसे समझना होगा ।

**लंबित बकाया बिलों का भुगतान जल्द से जल्द :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को जल्द से जल्द लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया।उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है।अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार ठलअ से संपर्क में है। समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा।

**राज्य की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम :** अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं। राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में कुल लगभग 15,500 बेड हैं। सरकार हर साल 2,000झ3,000 नए बेड जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एक लाख बेड का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके।

**विभिन्न योजनाओं से राज्यवासियों को मिल रहा है मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा :** एनएचएम के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है। राज्य के 85% लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है।



# झारखंड बंद का बाजारों पर असर कांके का साप्ताहिक बाजार रहा वीरान

**संवाददाता**

**रांची :** राज्यव्यापी बंद का असर राजधानी रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में व्यापक रूप से देखा गया। बंद के कारण न केवल यातायात और जनजीवन प्रभावित हुआ, बल्कि बाजारों में भी पूरी तरह सन्नाटा छाया रहा। कांके स्थित प्रसिद्ध साप्ताहिक बुधवार बाजार पर इसका खासा असर पड़ा. हर हफ्ते की तरह आज भी साप्ताहिक बुधवार बाजार लगा, लेकिन आमतौर पर भीड़ से गुलजार रहने वाले इस बाजार से ग्राहकों की भारी कमी देखी गई। स्थानीय दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बाजार में सुबह से ही चहल-पहल नहीं है. कई व्यापारियों ने रोज की तरह दुकानें लगाईं, लेकिन आम दिनों की तरह आज बिक्री नहीं हो रही है. ऐसे में लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. सब्जी, फल, कपड़े और घरेलू सामान बेचने वाले छोटे दुकानदारों ने बताया कि बंद के डर से लोग घरों से नहीं निकले, जिससे दिनभर उनका व्यापार ठप रहा. कुछ दुकानदारों ने दोपहर तक दुकानें बंद कर दीं।

## मोदी सरकार विकसित भारत के लिए संकल्पित : बाबूलाल



**रांची :** प्रदेश भाजपा मोदी सरकार के 11 साल पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करना है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के साथ अपने 11 वें वर्ष को पूरा कर रही। वहीं हेमंत सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में भी लूट, भ्रष्टाचार, अपराध से ऊपर नहीं उठ रही। हेमंत सरकार पूरी तरह विकास विरोधी, जन विरोधी सरकार साबित हो रही। कहा कि भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों को लेकर जायेगी तो दूसरी ओर हेमंत सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नाकामियों को उजागर करेगी।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता पौधरोपण अभियान की शुरूआत करेंगे। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा।

श्री सिंह ने कहा कि इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी चलेगा। पार्टी 10 एवं 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेसवार्ता व प्रोफेशनल मीट आयोजित करेगी। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को सभी 264 प्रखंड में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

प्रदेश महामंत्री, सांसद एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार है, जो प्रतिवर्ष देश की जनता को अपने कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। जिस जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा किया, उनके सामने आंकड़ों के साथ उपलब्धियों को बताना अपनी जिम्मेवारी समझती है। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मंत्री सरोज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सीमा पासवान, सुनीता सिंह, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, प्रतुल शाहदेव, जेबी तुबिद, अजय साह, विजय चौरसिया, राफिया नाज, अविनेश कुमार सिंह, राहुल अवस्थी, पवन साहू, आरती सिंह, शशांक राज, अमरदीप यादव, शिवशंकर उरांव, किशुन दास, विनय चौबे समेत सहित जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री व कार्यक्रम के जिला संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।



## बाबूलाल मरांडी झूठ फैला रहे हैं : विनोद पांडेय

**रांची :** भाजपा की ओर से लगाए गए आरोप न केवल तथ्यहीन हैं, बल्कि यह उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी है। बाबूलाल मरांडी के प्रति हम सभी सम्मान का भाव रखते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अब भाजपा के एजेंडे का हिस्सा बनकर झूठ और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह बातें झारखंड मुक्मि मोर्चा झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि वे बाबूलाल मरांडी के निजी पीड़ा का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे उन्हें यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वे निराधार आरोपों से एक संवैधानिक सरकार की छवि को धूमिल करने की साजिश रचते रहें। उन्होंने कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस सबूत है कि उनके और उनके करीबियों के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, तो उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए। आखिर वह कब तक राजनीतिक बेचारा बन कर सियासत करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो आंदोलन से निकली पार्टी है जिसने जनसरोकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। त्याग का पाठ हमें किसी से सीखने की जरूरत नहीं। आदिवासी हितों की रक्षा हमारा मूल मंत्र है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी या किसी अन्य स्थान पर आदिवासियों के हित में क्या कार्य किया, यह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि भाजपा की सरकारों ने उनके कार्यकाल में कितनी बार नगड़ी जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी।

## बाबूलाल पर झामुमो व कांग्रेस का अशोभनीय टिप्पणी पर भाजपा ने किया हमला



**संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला किया है। वहीं कहा की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। उग्रवाद के खिलाफ जंग के दौरान बाबूलाल मरांडी के बेटे की शहादत हो गई थी। फिर भी उन्होंने अपने नीति और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। 2013 में जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री थे उसी काल खंड में शिकारीपड़ा में उनके खिलाफ उग्रवादियों ने बड़ी साजिश की। समय पर षड्यंत्र बेनकाब हुआ। ऐसे व्यक्ति के लगाए आरोपों पर सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की जगह बेहद ओछी राजनीति से प्रेरित बयान देना यह स्पष्ट करता है कि गठबंधन सरकार के समय राजनीतिक का स्तर गर्त में चला गया है।

प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी ने सरकार पर बेहद गंभीरआरोप लगा लगाया था कि उनके ,उनके उनके परिजन और उनके करीबियों के खिलाफ सरकार बड़े लेवल पर षड्यंत्र कर रही है। सरकार इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की जगह विभिन्न दलों के प्रवक्ताओं से घटिया बयान बाजी करा रही है।ये स्पष्ट दिख रहा है कि पूरी की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है और इनमें सही और गलत का फर्क भी नहीं रहा। बाबूलाल जी ने सर्वप्रथम नगड़ी में आदिवासियों को बेदखल करने का मुद्दा उठाया।कई बड़े घोटाले का पदार्फाश किया। कई सफेदपोश जेल भी गए।जिससे पूरी सरकार को मिर्ची लग गई है। प्रतुल ने कहा कि जो व्यक्ति प्रदेश का पहला मुख्यमंत्री रहा हो और जिसने उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने सबसे बड़े पुत्र को खोया हो उसकी तुलना मौजूद सत्ताधारी गठबंधन के किसी नेता से नहीं की जा सकती।अभी तो आंदोलन को बेचकर सत्ता पर काबिज होने वाले लोगों की वर्तमान में सरकार चल रही है।इन्हें त्याग शब्द का अर्थ समझ नहीं आता।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।**

**रामगढ़ जिला अंतर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम– 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के अंतर्गत निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत समितियों के लिए वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि में अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित आवश्यक सूचना।**

**प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि 19.06.2025**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि हेतु रामगढ़ जिला के ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती की जानी है जिनकी बंदोबस्ती अवधि 31 मार्च, 2025 को समाप्त हो चुकी है या जो पूर्व से अबंदोबस्त है। संबंधित जलकरों की सूची जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचनापट्ट पर अंचलवार देखी जा सकती है या कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410, दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बंदोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम – 1935 एवं 1996 के अंतर्गत निबंधित समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदुपरि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड, राँची के परिपत्र सं0 – 55, दिनांक 25.01.2022 के आलोक में पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, बिहार के परिपत्र सं0 – 114, दिनांक 18.01.1992 की कंडिका क 1 को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) के पत्रांक 1325, दिनांक 11.10.2023 के द्वारा संशोधित करते हुए पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर, जलाशय स्तर पर एवं नगर निगम क्षेत्र स्तर पर कार्यरत मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी सहकारी समितियों को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बंदोबस्ती का प्रावधान किया गया है। रामगढ़ जिला में कार्यरत सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से वर्ष 2025–26 से 2027–28 की अवधि के लिये अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु उपलब्ध (सूचीगत) ऐसे जलकरों जो प्रस्तावक समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत अवस्थित है की सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बंदोबस्ती (वर्ष 2025–26 से 2027–28) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

**प्रस्ताव के साथ निम्नवर्णित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :–**

1. सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा वर्तमान कैलेन्डर वर्ष में निर्गत स्वच्छता–प्रमाण–पत्र।
2. आमसभा की कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
4. विशेष आमसभा/निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व से बंदोबस्त जलकरों की वितरण सूची (वर्षवार)।
6. पूर्व के बकायेदार नहीं रहने संबंधी प्रमाण–पत्र।
7. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
8. सदस्यता सूची की सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, राँची के द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बंदोबस्ती की अर्हता पुरी करती हो, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बंदोबस्ती की जायेगी।

बंदोबस्ती का प्रस्ताव (स्वच्छता–प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज के साथ) दिनांक 19.06.2025 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बंदोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुले डाक से बंदोबस्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 354202 (Fish) 25-26 (D)

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## पाक बेनकाब

पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों- सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है। सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूमकर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी। सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बताई जाती है। इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है। ये आतंकी भारत में अस्थिरता और आतंकवाद फैलाने की कोशिशों का समर्थन ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट में इनका हाथ था। शुरू से यह अंदेशा जताया जा रहा था कि शेख हसीना सरकार के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतें थीं और अब यह साबित हो रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ढाका में कट्टरपंथियों को मजबूती मिलने से 1971 की उसकी हार का बदला पूरा हो जाएगा। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। वहां की स्टेट पॉलिसी में आतंकियों के दखल और असर को देखते हुए वैश्विक बिरादरी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। एफएटीएफ की इस महीने होने वाली बैठक में भारत यह मुद्दा उठा सकता है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। दूसरे देशों को भी भारत का साथ देना चाहिए क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा है।

## कनाडा ने की गलती

पीएम नरेंद्र मोदी का इस साल कनाडा में होने वाले जी-7 सम्मेलन में भाग नहीं लेना इस वैश्विक मंच के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता के लिहाज से ठीक नहीं है। भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी है, ग्लोबल ग्रोथ में उसकी एक भूमिका है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। इसी वजह से पिछले कुछ वर्षों से उसे अमीर देशों के इस मंच पर जगह मिलती आई थी। भारत साल 2019 से लगातार इस आयोजन का हिस्सा रहा है। फ्रांस से यह सिलसिला शुरू हुआ था, जो पिछले साल इटली तक जारी रहा। इटली में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सामाजिक असमानता को दूर करने और सभी के सहज उपलब्ध व सुरक्षित एआई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की थी। भारत इस मंच का इस्तेमाल शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वित विकास का संदेश देने के लिए करता रहा है। जी-7, सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का समूह है, लेकिन जिस तरह से कनाडा में बसे खालिस्तान समर्थकों ने इस बार अपना असर इस पर छोड़ा है, वह चिंता का सबब है। आयोजन की मेजबानी कनाडा के पास है, लेकिन अलगाववादियों ने वहां की नई सरकार पर दबाव बनाया था कि भारत को आमंत्रित न किया जाए। मार्क कार्नी का इस मामले में झुक जाना चरमपंथी ताकतों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के लिए बड़ा झटका है। क्या भारत के बिना यह ग्रुप चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता, लोकतंत्र और पर्यावरण के मुद्दे पर टिका रह पाएगा? मार्क कार्नी का कार्यकाल इस उम्मीद के साथ शुरू हुआ था कि भारत और कनाडा के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के मुकाबले उन्होंने ज्यादा जिम्मेदार और सकारात्मक रवैया दिखाया था। चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने माना था कि दोनों देशों के संबंध कई स्तरों पर महत्वपूर्ण हैं और समान विचारधारा वाले देशों के साथ व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने की बात कही थी। पिछले हफ्ते जब विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा की समकक्ष मंत्री अनीता आनंद से बात की, तो उसे भी अहम बदलाव माना गया था। जी 7 सम्मेलन कनाडा के लिए मौका था, जहां वह भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरूआत कर सकता था। अमेरिका की तरफ से पड़ रहे प्रेशर को देखते हुए उसे नई दिल्ली के जैसे सहयोगियों की जरूरत है। लेकिन, घरेलू राजनीति से मजबूर कनाडा ने द्विपक्षीय रिश्तों ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय हितों को भी चोट पहुंचाई है।

# भारतीय सैन्य रणनीति की जरूरत है थियेटर कमान

> दरअसल 'थियेटर कमान' का अर्थ है एक क्षेत्रीय इकाई में सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित संचालन के लिए एक ही कमांडर के अधीन एकीकृत करना। यह एक ऐसी सैन्य संरचना है, जो विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय और दक्षता को बढ़ाएगी। सैन्य क्षेत्र में थिएटर कमान में 'थियेटर' का मतलब एक 'विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र' से है, जहां सैन्य अभियान या ऑपरेशन किए जाते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां युद्ध, सैन्य रणनीति, या सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां केंद्रित होती हैं।

अन्ततः भारत ने सैन्य क्षेत्र में थियेटर कमान की स्थापना और थियेटर कमांडर की नियुक्ति करने का महत्वपूर्ण निर्णय ले लिया। ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के बाद रक्षा बजट में वृद्धि के प्रस्ताव और पांचवीं पीढ़ी के आक्रामक गहराई से भेदने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरक्राफ्ट' परियोजना को मंजूरी देने के साथ यह एक सामयिक सामरिक निर्णय है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और भारत की सीमाओं के पास पसरे शत्रुओं के अतीत और इरादों को देखते हुए यह कदम पहले ही उठाने की जरूरत थी।

**हरीश शिवनानी**

सरकार ने डेढ़ वर्ष से लंबित थियेटर कमान के गठन की जमीनी तैयारियों का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। केंद्र ने अंतर सेवा संगठन अधिनियम (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) यानी (इंटर सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिप्लिन एक्ट 2023)) बुधवार को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया। यह थियेटर कमान के गठन का प्रथम चरण है।

जाहिर है,ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्र सरकार ने अपनी रक्षा तैयारियों को और मजबूती प्रदान करनी शुरू कर दी है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने सेनाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए ?थियेटर कमान के गठन का निर्णय पहले कर लिया था। इसके तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं की तीनों सेवाओं की ऐसी कमानें गठित होंगी, जिसमें थल,नभ,जल सेना सहित अर्धसैनिक बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह लंबे समय से प्रतीक्षित सामरिक महत्व का सुधार है जो भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए सैन्य संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए है। संसद से 2023 को पारित इस अधिनियम को इसी 27 मई को सरकार ने भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम का उद्देश्य एक निश्चित भौगोलिक इकाई में सेना के तीनों अंगों के एक समूह को प्रभावी कमांड, सटीक नियंत्रण और कुशल कामकाज को बढ़ावा देना है, जिससे सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बेहतर होगा। यह अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को मजबूत और प्रभावी बनाएगा।

दरअसल 'थियेटर कमान' का अर्थ है एक क्षेत्रीय इकाई में सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित संचालन के लिए एक ही कमांडर के अधीन एकीकृत करना। यह एक ऐसी सैन्य संरचना है, जो विभिन्न सैन्य शाखाओं के बीच समन्वय और दक्षता को बढ़ाएगी। सैन्य क्षेत्र में थिएटर कमान में 'थियेटर' का मतलब एक 'विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र' से है, जहां सैन्य अभियान या ऑपरेशन किए जाते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां युद्ध, सैन्य रणनीति, या सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां केंद्रित होती हैं। 'थियेटर' शब्द का उपयोग सैन्य संदर्भ में इसलिए किया जाता है क्योंकि यह एक युद्ध क्षेत्र या ऑपरेशनल क्षेत्र को दर्शाता है, जैसे कि एक नाटक के मंच की तरह, जहां सभी नाटक के सभी भागों,आयामों, पहलुओं की गतिविधियां एक निर्देशक के निर्देश में समन्वित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न होती हैं। थियेटर कमांड की स्थापना एकीकृत बल प्रयोग, परिचालन दक्षता और संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए रक्षा मंत्रालय का 2025 के लिए चुने गए नौ क्षेत्रों में से एक है, जिसे मंत्रालय ने 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है।राजपत्र में अधिसूचित संदर्भ के अनुसार, यह अधिनियम थियेटर कमांड की स्थापना के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। इस अधिनियम से तीन भौगोलिक कमान (उत्तरी, पश्चिमी, समुद्री) प्रस्तावित किए गए हैं। लखनऊ में चीन-केंद्रित उत्तरी थियेटर कमान, जयपुर में पाकिस्तान-केंद्रित पश्चिमी थियेटर कमान और तिरुवनंतपुरम में हिन्द महासागर या तटीय थियेटर कमान स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो 'एक सीमा, एक बल' की अवधारणा के अनुरूप होगा। प्रत्येक थियेटर कमान में सेना, नौसेना, और वायुसेना की इकाइयां एकीकृत रूप से काम करती हैं, ताकि उस क्षेत्र में सैन्य रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। कमान का सर्वोच्च अधिकारी 'थियेटर कमांडर' होता है जो एक सैन्य अधिकारी होता है, जो एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (थियेटर ऑफ ऑपरेशन) में सैन्य अभियानों का नेतृत्व करता है। और उस क्षेत्र में सभी सैन्य बलों (सेना, नौसेना, वायुसेना) के संचालन को समन्वयित करता है। यह एक परिचालन कमांडर की (ऑपरेशनल) भूमिका है, जो युद्ध या संकट के दौरान रणनीति और कमान को लागू करती है।

इन कमानों के लिए चुने गए थियेटर कमांडर सामान्य रूप से थलसेना से लेफ्टिनेंट जनरल, नौसेना से वाइस एडमिरल या वायुसेना से एयर मार्शल स्तर का अधिकारी हो सकता है, जिसे कमांड की जिम्मेदारी दी जाएगी। यह एक एग्जीक्यूटिव पद है, जो विशिष्ट थियेटर के लिए ही गठित होगी, स्थायी नहीं। पहले के सशस्त्र बलों के कानूनी ढांचे में त्रि-सेवा मामलों में निश्चित विधिक सीमाएं निर्धारित थीं, क्योंकि एक सेवा के अधिकारी को दूसरी सेवा के कर्मियों पर अनुशासनात्मक और प्रशासनिक शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार नहीं था। उदाहरण के लिए, एक संयुक्त कमांड का नेतृत्व करने वाला तीन-सितारा जनरल अपने अधीन सेवा करने वाले वायुसेना या नौसेना कर्मियों न कोई निर्देश दे सकता था न ही उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकता था। ऐसी शक्तियों की कमी का कमांड, नियंत्रण और अनुशासन पर सीधा प्रभाव पड़ता था। थियेटर कमानों की स्थापना से अब स्थिति बदल जाएगी। थियेटराइजेशन अभियान का नेतृत्व रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान कर रहे हैं।

दुनिया के कई देशों की रक्षा सेवाओं में थियेटर कमांडर का पद या इसके समकक्ष संरचना मौजूद है, खासकर उन देशों में जिनके पास बड़े और संगठित सैन्य बल हैं, वे एकीकृत सैन्य अभियानों के लिए थियेटर कमांड सिस्टम का उपयोग करते हैं। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी में 2016 से पांच थियेटर कमांड हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में थियेटर कमांडर की भूमिका को 'जियोग्राफिक कम्बैटेंट कमांडर' कहा जाता है। रूस में थियेटर कमांडर की अवधारणा सैन्य जिलों (मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट) के रूप में है। जापान की सेल्फ-डिफेंस फोर्सेस में क्षेत्रीय कमांड हैं, लेकिन ये थियेटर कमांडर की तुलना में कम एकीकृत हैं।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों में ऑपरेशनल कमांड होते हैं, लेकिन थियेटर कमांडर का पद नहीं है। पाकिस्तान की सेना में क्षेत्रीय कोर कमांडर होते हैं, जो कुछ हद तक थियेटर कमांडर की भूमिका निभाते हैं।उत्तर कोरिया, वियतनाम, और अन्य कुछ देशों में क्षेत्रीय सैन्य कमांड हैं, लेकिन इन्हें स्पष्ट रूप से थियेटर कमांडर नहीं मान सकते। वैसे विश्व के सामरिक जगत में क्षेत्रीय थियेटर कमांड की अवधारणा को पहली बार प्रथम विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में एमिएन्स की लड़ाई में लागू किया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लगभग सभी भाग लेने वाले देशों ने एकीकृत कमांड के सिद्धांतों को अपनाया। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि संयुक्त सेवाओं की एकीकृत संरचनाएं (थियेटर कमान) नई युद्ध क्षमताओं को बनाने और समन्वय करने में मदद करेंगी। साथ ही भविष्य की प्रौद्योगिकी और रणनीति को तेजी से आत्मसात करने में सहायता करेंगी क्योंकि थियेटराइजेशन की अवधारणा एकल सेवा संचालन की कमियों को कम करने और आधुनिक युद्ध का समर्थन करने का प्रयास करती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आतंक के लालगढ़ में लहराने लगा तिरंगा

> देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आठ सूत्री समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल नरेन्द्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर में अलग-अलग

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरूआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आठ सूत्री समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में चार हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला ह्यऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्टह्ल भी सुर्खियों में है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानी कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं मे कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

**(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं।)**

# लंबे समय से हैं परेशान तो पहुंच जाएं पालमपुर

कई बार हम सभी घूमने के लिए कुछ ऐसी जगहों की तलाश कर रहे हैं, जहां से लौटने के बाद मन को काफी शांति मिले। साथ ही जिन चीजों की वजह से लंबे समय से परेशानी चल रही है, उसका भी हल मिल सके। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, इस जगह का नाम पालमपुर है। पालमपुर, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित है। आज के समय में पालमपुर एक फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है। जहां पर सुकून और शांति की तलाश में दूर-दूर से लोग आते हैं। साथ ही पालमपुर में फेमस शिव मंदिर भी है। ऐसे में अगर आप भी पालमपुर आ रहे हैं, तो आपको इस मंदिर के दर्शन जरूर करने चाहिए।

**जानिए क्यों फेमस है पालमपुर :** हिमाचल प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में बसा पालमपुर एक छोटा सा गांव है। पालमपुर को 'उत्तर भारत की चाय की राजधानी' के रूप में भी जाना जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक यहां पर पहुंचते हैं। यह गांव धौलाधार पर्वत की विशाल श्रृंखलाओं से घिरा है। वहीं हरे-भरे बागान पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित



करते हैं। अगर आप लंबे समय से अपनी पर्सनल लाइफ या प्रोफेशनल लाइफ से परेशान हैं और आध्यात्मिक ध्यान लगाने के लिए किसी शांत जगह की तलाश कर रहे हैं। तो आप पालमपुर को ताशी जोंग मठ आ सकते हैं। इस मठ में प्रवेश के लिए आपको किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा।

**बैजनाथ शिव मंदिर :** पालमपुर का बैजनाथ शिव मंदिर काफी फेमस है और इस मंदिर की काफी मान्यता भी है। माना जाता है कि यह पहला स्थान है, जहां पर लंकापति रावण ने अमरता का वरदान प्राप्त करने के लिए भगवान शिव की पूजा की थी। बैजनाथ मंदिर की वास्तुकला में कलात्मक चमक और सुंदर संरचना पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तरह दिखती है। ऐसे में अगर आप पालमपुर आ रहे हैं, तो यहां के शिव मंदिर की पूजा करना न भूलें।

**सौरभ वन विहार :** परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए पालमपुर एक परफेक्ट जगह है। यहां आकर आप सौरभ वन विहार को एक्सप्लोर कर सकते हैं, जोकि बेहद खूबसूरत है। सौरभ वन विहार एक फेमस पिकनिक स्पॉट है। ऐसे में अगर आप भी फैमिली के साथ पालमपुर आकर पिकनिक मनाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह जगह काफी अच्छी है। यह गार्डन 35 एकड़ में फैला है। जिसमें बच्चों का पार्क, पिकनिक पार्क, टाइगर हिल ब्रिज और स्वास्थ्य मार्ग बहुत कुछ शामिल है। यहां पर एंट्री करने के लिए 150 रुपए देने होंगे।

**अल हिलाल पालमपुर :** बता दें कि अल-हिलाल पालमपुर में घूमने वाली सबसे अच्छी जगहों में से एक है। इस जगह से आपको पूरे पालमपुर का शानदार नजारा दिखता है। अल हिलाल पालमपुर एक बेहतरीन वीकेंड गेटअवे है। जहां पर आप शहर की जिंदगी से ब्रेक लेकर हरियाली और शांति के बीच अपने अंदर के दर्द को शांत कर सकते हैं।

## सेहत

### कॉन्टैक्ट लेंस यूजर्स रहें सावधान

गर्मियों के मौसम में आंधी का खूब तूफान चलता है। इस कारण से सबसे ज्यादा आंखों को नुकसान पहुंचता है। वहीं अगर आ कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो यह खतरा कई गुना तक बढ़ सकता है। वहीं कुछ गंभीर मामलों में दृष्टि की हानि भी हो सकती है। क्योंकि धूल भरी आंधी के संपर्क में सबसे ज्यादा हमारी आंखें ही आती हैं। यदि किसी की आंखों में धूल या मिट्टी चली जाए, तो व्यक्ति को सामान्य चलन से लेकर गंभीर संक्रमण की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके बारे में विस्तार से जानकारी देने जा रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो लेंस सीधे तौर पर आपकी आंखों की सतह पर होते हैं। जिसकी वजह से बाहरी कणों और धूल के सीधे संपर्क में आने से लेंस के नीचे उनके फंसने का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण न सिर्फ व्यक्ति को असहजता हो सकती है, बल्कि गंभीर संक्रमण का भी जोखिम बढ़ जाता है। तेज हवा और धूल के संपर्क में आने के कारण आंखों का सूखापन बढ़ सकता है। वहीं जो लोग रोजाना कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, या जिनको पहले से ड्राई आई की समस्या रहती है। उन लोगों की आंखों में कुछ गिरा हुआ महसूस होना, जलन आंखों में पानी आना और लालिमा जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। धूल भरी आंधी के साथ महीन और मोटे धूल कण, पराग और निर्माण की धूल आती है। जोकि आंखों में एलर्जी को ट्रिगर कर सकती हैं। इसके कारण आंखों का लाल होना, खुजली होना और चिपचिपा बलगम आ सकता है। आंखों के संक्रमण जैसे कंजंक्टिवाइटिस का एक मुख्य कारण धूल हो सकती है। इसकी वजह से आंखें लाल हो जाती हैं औ? डिस्चार्ज होने लगता है। धूल-मिट्टी के कारण आंखों में जलन होना और पलकों में सूजन आ सकती है। आंखों का संक्रमण अक्सर बैक्टीरिया के कारण होता है। कॉर्निया का संक्रमण या केराटाइटिस की समस्या हो सकती है। जिसके कारण अंधेपन होने की भी संभावना होती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### पांच जून को गंगा घाट तट में बनारस वाली गंगा महाआरती

**साहिबगंज :** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर बनारस वाली गंगा महाआरती देखने के लिए 5 जून की शाम 6 बजे पहुंचे मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट तट में बनारस वाली गंगा महाआरती की विशेष टीम जिसमें गंगा पूजन करने के लिए पुरोहित गंगा आरती करने के लिए अलग पुरोहित डमरू वादक चवर वादक, रिद्धि सिद्धि भजन टीम सहित कुल 90 सदस्यी टीम साहिबगंज के लिए प्रस्थान कर गई है। 4 जून को गंगा आरती टीम पहुंचेगी साहिबगंज। गंगा दशहरा की संध्या 6 से 8 बजे तक बिजली सीढ़ी गंगा घाट तट पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहेगा। दुल्हन की तरह गंगा तट को सजाया जाएगा। जिसको लेकर जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव की ओर से सारी तैयारियां कर ली गई हैं।

### टोटो से बैटरी चोरी दिहाड़ी मजदूर की बढ़ी मुश्किलें



**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के पतौड़ा पंचायत स्थित प्रखंड मुख्यालय के समीप एक घर के सामने खड़े टोटो की बैटरी चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से एक दिहाड़ी मजदूर को बड़ा झटका लगा है। क्योंकि अब उसके सामने आजीविका चलाने की समस्या खड़ी हो गई है।जानकारी के अनुसार कल्लू मियां के बेटे शहजादा ने बताया कि सोमवार की शाम को उन्होंने अपना टोटो चलाकर वापस घर के सामने खड़ा किया था। जब मंगलवार की सुबह वह उठे तो देखा कि टोटो से बैटरी गायब है। अज्ञात चोर रात के अंधेरे में बैटरी चुराकर फरार हो गए।शहजादा ने बताया कि वह टोटो चलाकर दिहाड़ी मजदूरी करता था और इसी से अपने परिवार का गुजारा चलाता था। बैटरी चोरी हो जाने से अब उसकी रोजमर्रा की मजदूरी पर सीधा असर पड़ा है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति और भी खराब हो गई है। खबर लिखे जाने तक शहजादा इस संबंध में राधानगर थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया में था।

### मनवार हुसैन निर्विरोध चुने गए राजद प्रखंड अध्यक्ष



**साहिबगंज /उधवा :**राष्ट्रीय जनता दल राजदप्रदेश भर के विभिन्न प्रखंडों में अपनी संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए प्रखंड अध्यक्षों और समितियों का पुनर्गठन कर रही है। इसी कड़ी में उधवा प्रखंड में भी यह प्रक्रिया पूरी हुई।जहाँ प्रखंड निर्वाचक पदाधिकारी प्रशांत कुमार की निगरानी में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान पूर्वी उधवा दियारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनवार हुसैन को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इसकी जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया कि जैसे ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। मनवार हुसैन ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की। उनके विरुद्ध किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी ने दावेदारी प्रस्तुत नहीं की जिसके परिणामस्वरूप मनवार हुसैन को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर मनवार हुसैन ने पार्टी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि वह पार्टी को नए सिरे से नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस अवसर पर अबुल हुसैन ममलोत शेख सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सूरज राम सड़क दुर्घटना में घायल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज जयंती ग्राम निवासी सूरज राम सड़क दुर्घटना में घायल हो गया।स्वजन व सहयोगियों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। बताया जा रहा है कि सूरज बाइक पर सवार होकर महादेवगंज की ओर आ रहा था। इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दुर्घटना ग्रसित हो गया। सर पर गंभीर चोट लगने के कारण वह मूर्छित हो गया।आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी उसके स्वजनों को दिया। सभी ने मिलकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### सुबहान के घर में रखें भूसा के ढेर में लगी आग

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना निवासी मो. साहेब एवं सुबहान के घर में रखें भूसा के ढेर में आग लग गई।जिससे घर का सारा समान जल कर राख हो गया। अग्निशमन को सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मो. साहब व सुबहान के घर में भूसा का ढेर रखा हुआ था। बगल के ही रूम में खाना पकाया जा रहा था किसी तरह आग की चिंगारी भूसा के ढेर में लग गई और आग पकड़ लिया देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई तब तक अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी पहुंच गई और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि घर में रखा पंखा, कुर्सी, प्याज भूसा सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।

### अंकित यादव को कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के सकड़ोगढ़ निवासी रमेश यादव के 10 वर्ष अंकित यादव कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अंकित को उसके स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है।कि मंगलवार की सुबह किशोर अंकित महादेवगंज से दूध लेकर अपने घर आ रहा था। तभी शोभनपुर दियारा के दो तीन लोग ने मारपीट करना शुरू कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया।अंकित के सिर हाथ व पैर पर गंभीर चोट लगी हैं।

# लोगों की समस्याओं अवगत हुए विधायक प्रतिनिधि

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा:**प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्यायों से विधायक प्रतिनिधि बरकत खान अवगत हुए।आगन्तुक में विजय कुमार सुनंदा देवीब,रितेश भगत,साईनूर बीबी,गुलेजान बीवी,जानकी मंगल, फातेमा बीबी इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में विभिन्न समस्याओं जैसे अम्बेदकर आवास,अबुआ आवास,संबंधित शिकायत,पेंशन संबंधित शिकायत मैया सम्मान योजना संबंधित शिकायत,राशन कार्ड न बनने की शिकायत,जाति आय निवास से



संबंधित शिकायत,पेयजल संबंधित शिकायत,आधार अपडेट से संबंधित,बैंक संबंधित शिकायत भूमि विवाद,अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की।बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना।सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या10 के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से नाला में स्लैब लगाने संबंधित समस्या से अवगत कराया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आवेदन को अनुशंसा करके कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा को भेज कर जल्द से जल्द वार्ड संख्या10 में नाला में स्लैब की समस्या को निदान करने का निर्देश दिया।उसके उपरांत विधायक प्रतिनिधि बरकत खान आवास संबंधित समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास जी से मिलकर आवास से संबंधित समस्या का निदान करवाया।बरकत खान ने बताया की पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है। कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है।उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए।बरकत खान ने बताया कि हम लोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है। तो पदाधिकारी को हम लोग निर्देशित कर देते हैं कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाए।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,रबीउल इस्लाम,हीरालाल साहा,मिथुन मंडल,अनंत लाल भगत,नेहाल अख्तर, प्रमीत तिवारी,शमशेर खान,सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## दो दिवसीय समर कैंप मे 150 से अधिक बच्चो ने लिया भाग



**साहिबगंज:** शहर के छोटा पंचगढ़ स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय साहिबगंज शाखा के सेवा केंद्र की ओर से डॉ अजय कुमार सिंह एवं राजेश कुमार सिंह के मकान मे चल रहे दो दिवसीय समर कैंप मे 150 से अधिक बच्चो ने भाग लिया.इस समर कैंप में भविष्य निर्माण और भविष्य इंडिया के धरोहर बच्चों को कई प्रकार के मूल्य आधारित खेल रचनात्मक प्रतियोगिता व सृजनात्मक राजयोग शिक्षा पर्यावरण जागरूकता और राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से बच्चों को कई प्रकार के नैतिक शिक्षाएं दी गई. इस कार्यक्रम में कोलकाता बारानगर सेवा केंद्र से आई बी के पिंकी दीदी एवं स्मृति दीदी औरसाहिबगंज सेवा केंद्र के प्रभारी बी के बिंदु दीदी और नीतू दीदी द्वारा बच्चों को कहानियां के माध्यम से आत्मा परमात्मा का ध्यान और कर्मों के गहन गति का ज्ञान दिया गया।और बच्चों को शुभ कर्म करने के लिए प्रेरित किया गया।बच्चों को अपने तन मन के साथ-साथ मन का भी ध्यान रखने की विधि सिखाई गई.जिसमे बच्चो को पढ़ाई मे मन लगाना आसान जो जाए. और बच्चों के माता-पिता को भी राजयोग का महत्व समझाया गया.वही समर कैंप मे आये बच्चे तेजस ओझा,मानवी पटेल,सानवी सिंह,रवि राज सिंह,अंशिका सिंह ने अपने अनुभव व्यक्त किए.कार्यक्रम के अंत मे सेवा केंद्र की ओर से सेवा केंद्र के प्रभारी बी के बिंदु दीदी,झूमावती हॉस्पिटल के निदेशक राजेश सिंह एवं संगीता देवी के द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र कॉपी कलम चॉकलेट बांटा गया.साथी ईश्वरीय सौगात देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया.

## तेज आंधी-बारिश का कहर पेड़ गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता**

**साहिबगंज /उधवा:** उधवा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। कटहलबाड़ी पंचायत अंतर्गत जयंती ग्राम बांध में एक हादसे में पेड़ गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, रात करीब आठ बजे तेज आंधी और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। जयंती ग्राम निवासी मासूद शेख 25 वर्ष इसी दौरान घर के बाहर बंधे अपने मवेशियों को खोलने के लिए बाहर निकले थे। तभी तेज हवा के झोंके से घर के सामने सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ टूटकर सीधे मासूद शेख के ऊपर आ गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पेड़ के सीधे सिर पर गिरने से मासूद शेख गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें आनन-फानन में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इस आंधी और बारिश का असर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भी देखने को मिला। जहां कई घरों को आंशिक क्षति पहुँची है। इसके साथ ही, कई स्थानों पर विद्युत तार और बिजली के खंभे पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे करीब तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही और लोग परेशान रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की मंगलमय कलश शोभायात्रा



**साहिबगंज:** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की मंगलमय कलश शोभायात्रा सुबह 8:00 बजे कथा स्थल अंबाडिया गंगोत्री टोली डेरा मठिया से निकाली गई.जो तलबन्ना रेलवे स्टेशन होते हुए मुक्तेश्वर बिजली घाट मंदिर पहुंच।श्रीगंगा तट पर पहुंचकर के पूजा अर्चना कर करके सभी अजमान संकल्प करके कलश धारी के साथ जल भरकर के पुनः कथा स्थल ले जाया गया।घोड़ा रथ गाजे बाजे के साथ 551 कन्याएं और सम्मानित बड़े बुजुर्ग और तमाम भक्त जनों के साथ है यात्रा भक्ति का माहौल बनाकर चल रही थी।इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सकरीगली से हजारी बाबा पधारे.शोभापुर मठिया भट्ठा से श्री लाल बाबा जी महाराज.श्री श्री 108 राम जानकी मंदिर भारत बाबा का मठिया से सुखराम दास जी महाराज. कथा वाचक धनंजय वैष्णव जी महाराज शांति कुटिया अयोध्या जजमान के रूप में मनोज यादव,भजन मंडल,गंगाराम, रामदास,वकील यादव,श्रीनिवास यादव सहित ग्रामीण राजेश यादव,बुल्लू यादव, मनोज मंडल,अशोक मंडल,गंगाराम महतो.आदि ने पूजा पाठ करते हुए भक्ति का आनंद लेते हुए कथा स्थल पर अपना सेवा दान दे रहे हैं.वही आज से कथा संध्या 6:00 बजे रात्रि से 10:00 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा।इस कथा में विशेष रूप से वृंदावन से आए हुए झांकी मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां दिखाई जाएगी और भजन मंडली के द्वारा सुंदर-सुंदर गीत संगीत और भजनों का आनंद कथा के साथ-साथ दिया जाएगा।

## 2.9 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज/बरहरवा:** थाना पुलिस ने लगभग 2 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।इसकी जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बताया की गुप्त सूचना मिली कि बरहरवा थाना अन्तर्गत बेलडांगा ग्राम में बाहर से आकर एक आदमी अवैध गांजा बेच रहा है।इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के आदेशानुसार एक एस०आई०टी० टीम गठन कर बेलडांगा ग्राम जाकर छापामारी किया गया एवं विधिवत एक व्यक्ति को पकड़कर उससे पुछ ताछ किया गया।जिसने अपना नाम जमीरुल इस्लाम पिता बरजहाँन शेख सा० पुराना पलासबोना थाना कोटालपोखर



जिला साहिबगंज बताया उसका जमा तलाशी लिया गया तो उसके पास के बैंग से अवैध गांजा वजन करीब 2.976 किलो ग्राम और एक नाप तौल डिजिटल मशीन बिना नम्बर का एच ओएनडीए एसपी125 मोटर साईकिल एक ओप्पो कम्पनी का स्मार्ट मोबाईल फोन एवं नकद-700 बरामद किया गया।इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया गया.छापेमारी टीम में बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक हेमंत यादव, सुबोध यादव श्रीदाम रविदास सहित अन्य उपस्थित थे।

## जामुन के पेड़ से गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के न्यायालय परिसर में लगे जामुन के पेड़ से गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। सहयोगियों ने घायल मजदूर को आनन - फानन में इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।घायल युवक पाकुड़ जिला का मो् शमीम हैं।घायल ने बताया कि हम लोग न्यायालय परिसर में राजमिस्त्री का काम करते हैं। वहीं बगल में लगे जामुन के पेड़ से जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़े तभी पैर फिसलने से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शमीम के दायां पैर में गंभीर चोट लगी है।

# यह कार्यक्रम जेल सुधार की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है : उपायुक्त

## जेल प्रशासन और जिला प्रशासन की पहल से बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम

**साहिबगंज:**भारतीय स्टेट बैंक एवं राष्ट्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में मंडल कारा साहिबगंज में बंदियों के पुनर्वास व आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।जेल परिसर में कैदियों के लिए 13 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य बंदियों को व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती उपस्थित रहे।उन्होंने दीप




प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का विधिवत उद्घाटन किया।अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि यह पहल न केवल बंदियों के कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है।बल्कि इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि प्रशिक्षण के बाद कैदी अपनी रिहाई के पश्चात स्वरोजगार के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन ने बताया कि प्रशिक्षण में बंदियों को सैंडविच, बर्गर चाउमीन समोसे पकोड़े जैसे विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड बनाने की विधियाँ सिखाई जाएंगी।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जेल सुधार की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है,जिससे बंदियों में आत्मविश्वास का संचार होगा।मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम मार्टिन तारीक,आरसेटी के प्रशिक्षकगण बैंक प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के अंत में बंदियों ने भी इस पहल के लिए प्रशासन का आभार जताया और आश्वस्त किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे।यह प्रयास न केवल सुधारात्मक है बल्कि सामाजिक पुनर्वास की दिशा में एक मिसाल भी है।




## रवीना टंडन की

# 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी

बॉलीवुड की 'मस्त-मस्त गर्ल' यानी रवीना टंडन 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो आज भी सक्रिय हैं और फिल्में कर रही हैं। अब रवीना 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वो निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की नई फिल्म में नजर आएंगी। अब निर्देशक ने रवीना के फिल्म में शामिल किए जाने को लेकर बात की है।

### निर्देशक ने ऐसे किया रवीना से संपर्क

हाल ही में रवीना टंडन के तमिल फिल्म 'लॉयर' में शामिल किए जाने की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में तमिल स्टार विजय एंटनी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। अब फिल्म के निर्देशक जोशुआ सेथुरमन ने फिल्म में रवीना के लिए जाने को लेकर बात की। बातचीत में निर्देशक ने कहा, मेरे कुछ दोस्त बॉलीवुड में काम कर रहे हैं, जिनके जरिए मैंने रवीना से संपर्क किया। मैंने उनसे कहा कि जब वह मेरी पहली फिल्म जेंटलवुमेन देखेंगी, तो उन्हें मेरे काम का अंदाजा हो जाएगा। उनके इस फिल्म को देखने के बाद, मैंने तुरंत उन्हें इस फिल्म की कहानी सुनाई और उन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई।



# 'मिशन इंपॉसिबल' स्टार टॉम क्रूज ने की तीन शादी, अफेयर की गिनती सुनकर हो जाएंगे हैरान

हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज अपनी एक्शन इमेज के लिए दुनिया भर के दर्शकों के बीच मशहूर हैं। आज टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' यूनाइटेड स्टेट्स में रिलीज हुई। जबकि भारत में यह फिल्म एक हफ्ते पहले रिलीज हो चुकी और अच्छा कलेक्शन कर रही है। टॉम क्रूज की एक्टिंग की चर्चा के बीच उनकी लव लाइफ से जुड़ी कुछ बातें भी जानिए।

हाल ही में टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' भारत में रिलीज हुई। यह फिल्म आज यानी 23 मई को यूनाटेड स्टेट्स में भी रिलीज हुई। इस सीरीज की फिल्मों में टॉम क्रूज जबरदस्त एक्शन करते हैं। इस हॉलीवुड एक्टर की भारत में भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। कम ही भारतीय दर्शक टॉम की पर्सनल लाइफ के बारे में जानते हैं। हम आपको बता रहे हैं, टॉम की क्रूज की लव लाइफ के बारे में।

### टॉम क्रूज ने की 3 शादी

टॉम क्रूज ने एक नहीं तीन बार शादी की। पहली बार मिमि रोजर्स से शादी की, इनकी शादी 1987 में हुई और साल 1990 में तलाक हो गया। इसके बाद टॉम ने एक्ट्रेस निकोल किडमैन से शादी की, 1990 में इनकी शादी हुई और साल 2001 में डिवोर्स हो गया। केटी होम्स से टॉम क्रूज ने तीसरी शादी की, इनकी शादी साल 2006 में हुई और तलाक 2012 में हो गया।

### 9 से अधिक रिलेशनशिप में रहे टॉम

तीन हॉलीवुड एक्ट्रेस से शादी करने और टूटने के दौरान टॉम क्रूज का नाम कई एक्ट्रेस, सेलिब्रिटीज से जुड़ा। इस लिस्ट में मेलिसा गिल्बर्ट, हेल्थर लॉकलियर, रेबेका डी मार्ने, चेर, पेनेलोपे क्रूज, नाजनीन बोनियाडी, लोरा प्रीपोन, हेले एटवेल और एल्सिना खैरोवा जैसी नामी हॉलीवुड एक्ट्रेस के नाम शामिल हैं। अलग-अलग कारणों से टॉम क्रूज इन सभी एक्ट्रेसेस से अलग हो गए।

### सिंगर शकीरा के साथ रिलेशनशिप की अफवाह

मशहूर अमेरिकी सिंगर शकीरा और टॉम क्रूज का नाम भी एक बार साथ जोड़ा गया। ये दोनों कई सालों से दोस्त हैं। जब टॉम और शकीरा को कुछ मौकों पर साथ देखा गया तो इनके रिलेशनशिप में होने की अफवाह उड़ी थी। इस बात को लेकर शकीरा ने चुप्पी तोड़ी और बताया कि वह अपनी फैमिली पर फोकस करना चाहती है और डेटिंग में कोई इंट्रेस्ट नहीं रखती हैं।

### अब 35 साल छोटी एक्ट्रेस से अफेयर

इन दिनों 62 साल के टॉम क्रूज 27 साल की एक्ट्रेस एना दी अर्मास को डेट कर रहे हैं। हाल ही में अपनी फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' के प्रमोशन के दौरान टॉम अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड एना दी अर्मास की तारीफ करते दिखे। टॉम क्रूज और एना को कई मौकों पर साथ देखा गया है, इसी कारण से दोनों की डेटिंग की अफवाह उड़ने लगी हैं। अप्रैल में टॉम अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड के साथ लंदन के आसपास हेलीकॉप्टर में बैठे नजर आए थे। साल की शुरुआत में भी दोनों को डिनर डेट पर देखा गया।




# रसिका दुग्गल के कई प्लान हुए कैंसल, तो खुद को समझने में बिताया वक्त

एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने पिछले एक महीने का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान उनके कई बार प्लान अचानक से रद्द हुए, जिससे वह काफी परेशान रहीं। लेकिन उन्होंने इससे कुछ सीखने की कोशिश भी की। उन्होंने बताया कि जब उनके प्लान अचानक रद्द हो जाते थे, तो उन्हें अकेले में ज्यादा वक्त बिताना पड़ता था। वह अक्सर सोफे पर बैठी रहतीं और इस खाली समय में हुई निराशाओं और कुछ अच्छी चीजों के बारे में सोचती रहतीं। इस समय को उन्होंने खुद को समझने के लिए इस्तेमाल किया और इस अनुभव को इंट्रोवर्टिंग नाम दिया।

रसिका ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वह सोफे पर बैठी हुई नजर आ रही हैं और कैमरे के लिए अलग-अलग पोज दे रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने हाल ही में अपनी एक दोस्त को फोन किया, तो उसने कहा कि वह इंट्रोवर्टिंग कर रही है। इस महीने मेरे कई प्लान रद्द हुए और खास बात यह है कि इनमें से कोई भी प्लान मैंने अपनी तरफ से रद्द नहीं किया था। इन सब से निराश मैं अक्सर खुद को सोफे पर बैठी हुई पाती थी, और सोचती थी उन बातों के बारे में जो इन रद्द हुए प्लान की वजह हैं, कुछ बातें निराश करने वाली थीं और कुछ खुशी देने वाली भी। मैंने सोचा कि शायद इस तरह के सोच-विचार को इंट्रोवर्टिंग कहना सही रहेगा। उन्होंने कैप्शन में आगे मजेदार, लेकिन गहरा सवाल भी किया। उन्होंने लिखा, अगर आप इंट्रोवर्टिंग कर रहे हैं, यानी अकेले में सोच रहे हैं, तो क्या वह वाकई में इंट्रोवर्टिंग होगा, जब अगर आप उस समय की फोटो भी खींच लें तो

वर्कफ्रंट की बात करें तो, रसिका की फिल्म लिटिल थॉमस को न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एनवाईआईएफएफ) में कई बड़ी कैटेगिरी में नॉमिनेशन मिला है। जिसमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, और बेस्ट डेब्यू फिल्म की कैटेगिरी शामिल हैं।



# सलमान के घर के आस-पास मंडराना भी होगा मुश्किल, मुंबई पुलिस उठाने जा रही ये कदम

बीते दिनों बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर में घुसने का प्रयास करने की हुईं दो अलग-अलग घटनाओं के बाद अब मुंबई पुलिस इस मामले में बड़ा एक्शन लेने की प्लानिंग कर रही है। मुंबई पुलिस के अधिकारी के मुताबिक, अब पुलिस सलमान के घर आने वालों की आते और जाते समय चेकिंग करने और मेहमानों पर कड़ी निगरानी रखने की तैयारी कर रही है। यही नहीं अब एक्टर के घर के आस-पास भी नजर आने वालों पर पुलिस सख्त नजर रखेगी।

### दो दिनों में दो घटनाओं के बाद सतर्क हुई पुलिस

जाहिर है कि बीते दिनों दो दिनों के अंदर दो बार सलमान खान के घर में घुसने का अंजान लोगों ने प्रयास किया। हालांकि, बिल्डिंग के सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इन घटनाओं के सामने आने के बाद ही पुलिस एक्टिव हुई है और सलमान की सुरक्षा को और भी पुख्ता करने की तैयारी में लगी है।

### बिल्डिंग में रहने वालों से करानी होगी पहचान

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई इन घटनाओं के बाद अब सलमान के बांद्रा स्थिति गैलेक्सी अपार्टमेंट में आने वालों की आते-जाते समय चेकिंग की जाएगी। साथ ही एक्टर की सुरक्षा भी बढ़ाए जाने की योजना बनाई जा रही है। अधिकारी ने कहा कि चूंकि यह एक निजी इमारत है, इसलिए हर आने वाले की जांच करना एक चुनौती हो सकती है। जानकारी ये भी आ रही है कि अब नए गेस्ट्स को बिल्डिंग में एंट्री करने के लिए बिल्डिंग के निवासियों से अपनी पहचान करानी होगी।

# आईपीएल 2025 में हार के बावजूद पंजाब किंग्स के प्रदर्शन से संतुष्ट कोच रिकी पोंटिंग

एजेंसी



**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से 6 रन से हारने के बावजूद पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम के समग्र प्रदर्शन की सराहना की। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब की टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को नौ विकेट पर 190 पर रोक दिया था। टीम के लिए अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरूआत दिलाई, लेकिन मध्यक्रम उस लय को बरकरार नहीं रख सका और टीम लक्ष्य से महज 6 रन पीछे रह गई। आखिरी ओवरों में शशांक सिंह ने शानदार प्रयास करते हुए 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिकी पोंटिंग ने कहा कि जिस अंदाज में हमने इस पूरे सीजन में क्रिकेट खेला है, वह काफी मनोरंजक रहा है। एक कोच के तौर पर जब आप अपनी टीम के बारे में ऐसा कह सकते हैं, तो ये गर्व की बात है। हो सकता है कि आज हमारी युवा मिडिल ऑर्डर की थोड़ी अनुभवहीनता हार का कारण बनी हो, लेकिन मैं जानता हूं कि प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहाल वढेरा जैसे खिलाड़ी भविष्य में हमें कई मैच जिताएंगे।पोंटिंग ने हार का ठीकरा पिच या हालात पर नहीं फोड़ा। उन्होंने कहा कि हम कोई बहाना नहीं बना रहे हैं। शशांक सिंह ने खुद कहा कि यह पिच पूरे सीजन की सबसे बेहतरीन पिच थी। बस हमने पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ी रफ्तार खो दी और कुछ अहम विकेट गंवा दिए। 11 साल बाद फाइनल खेली पंजाब की टीम, अगला सीजन होगा और बेहतरपंजाब किंग्स ने 11 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी। इस उपलब्धि को लेकर पोंटिंग ने कहा, ₹कुछ दिन पहले ही हम इस मैदान पर अपनी एक शानदार जीत का जश्न मना रहे थे, जिसने हमें फाइनल में पहुंचाया। आज हम थोड़ा मायूस हैं। लेकिन ये टीम काफी युवा है और हम अगले सीजन में और भी मजबूत होकर लौटेंगे। 'टीम में लाया गया है नया कल्चर'पोंटिंग ने टीम की मानसिकता और कार्यशैली में बदलाव लाने को भी अपनी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, ₹जब मुझे कोच नियुक्त किया गया था, तभी मैंने साफ कर दिया था कि मैं टीम का माहौल बदलना चाहता हूं। चीजों को एक नई दिशा में ले जाना चाहता हूं और मुझे लगता है कि हम उसमें सफल रहे हैं।

# नॉर्वे शतरंज 2025 राउंड 8: हिकारू ने गुकेश को दी मात, कोनेरू हम्पी महिला वर्ग में आगे

एजेंसी

**स्टावेंगर (नॉर्वे) :** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस राउंड का सबसे चर्चित मैच विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा के बीच खेला गया, जिसमें नाकामुरा ने जीत दर्ज की। शुरूआत से ही हिकारू नाकामुरा ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए गुकेश को दबाव में ला दिया। पिछले दो राउंड में जबरदस्त बचाव करने वाले गुकेश इस बार नाकामुरा के हमलों के आगे टिक नहीं सके और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से नाकामुरा को पूरे तीन अंक मिले।

### एरिगैसी ने कारुआना की गलती का उठाया पूरा फायदा

एक और अहम मुकाबले में भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी की फबियानो कारुआना से लंबी और कठिन जंग चली। एंडगेम में कारुआना थोड़े बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन समय के दबाव में उन्होंने एक निर्णायक चूक कर दी। एरिगैसी ने इसका फायदा उठाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और तीन अंक हासिल किए। दिन का अंतिम मुकाबला चीन के वेई यी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के बीच खेला गया, जो नियमित समय में बिना किसी खास हलचल के ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि, आर्मगेडन मुकाबले में वेई यी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक अंक हासिल किए। महिला वर्ग में भी आठवें राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारत की अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने ईरान की सारा खादेम के खिलाफ जटिल स्थिति से बाजी को अपने पक्ष में मोड़ा। खुलेपन से ही हम्पी ने जटिल पोजिशन तैयार की और इसे सटीक अंदाज में जीत में बदल दिया। हालांकि, समय की कमी के चलते उन्होंने एक गंभीर चूक की, जिससे सारा खादेम के पास वापसी का मौका था लेकिन उस मौके को भुनाने में असफल रहीं और हम्पी ने तीन अंक पक्के किए।बाकी दो मुकाबले-अन्ना मुजिचुक बनाम लेई टिंगजी और आर. वैषाली बनाम जू वेनजून मैच नियमित खेल में जल्दी ही ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, आर्मगेडन गेम में अन्ना मुजिचुक और वैषाली ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए अतिरिक्त अंक हासिल किए। पॉइंट टेबल में स्थिति अब बेहद रोचक हो गई है और दोनों वर्गों में अगला राउंड मुकाबलों को और भी रोमांचक बना सकता है।



# मप्र के झाबुआ में वैन पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रॉला, नौ लोगों की मौत

एजेंसी

**झाबुआ :** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में थांदला-मेघनगर के बीच संजेली रेलवे फाटक के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां सीमेंट से भरा एक ट्रॉला अनियंत्रित होकर ओमनी वैन पर पलट गया। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच साल के बच्चे समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में चार बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सूचना मिलने



पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मेघनगर तहसील के शिवगढ़ महुड़ा निवासी दो परिवार के लोग वैन में सवार होकर मंगलवार की रात झाबुआ में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव लौट रहे थे। तड़के तीन बजे के करीब भावपुरा गांव के पास यह हादसा हो गया। यहां राजस्थान से सीमेंट लेकर आ रहा ट्रॉला बेकाबू होकर वैन पर पलट गया। सूचना मिलते ही थांदला और मेघनगर पुलिस टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। सभी को थांदला सिविल अस्पताल और मेघनगर अस्पताल ले जाया गया।

झाबुआ के पुलिस अधीक्षक पदम विलोचन शुक्ला ने बताया कि मेघनगर के ग्राम भावपुरा में निमार्णाधीन ओवर ब्रिज के पास मोड़ पर सीमेंट से भरा एक ट्रॉला अनियंत्रित होकर ओमनी वैन पर पलट गया। ट्रॉला के नीचे दबने से वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त वैन में दो परिवारों के 11 लोग सवार थे, जिनमें से नौ लोगों की मौत हो गई, दो घायल हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मुकेश खपेड़ (40) पुत्र गोपाल खपेड़, मुकेश की पत्नी सावली खपेड़ (35), बेटा विनोद (16), बेटी पायल (12), मढ़ी बमनिया (38) पत्नी भारू बमनिया, विजय बामनीय (14) पुत्र भारू बमनिया, कांता बमनिया (14) पुत्री भारू बमनिया, रागिनी बमनिया (9) पुत्री भारू बमनिया और अकली परमार (35) पत्नी सोमला परमार के रूप में हुई है जबकि हादसे में पायल परमार (19) और पांच वर्षीय आशु बमनिया घायल हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

## विधानसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाएगी भाजपा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक ढांचे में पनप रही गड़बड़ियों को दूर करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। संगठनात्मक आंकड़ों में फर्जीवाड़े की आशंका के बाद अब केंद्रीय पर्यवेक्षक खुद मैदान में उतरकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इसी हफ्ते से शुरू हुए इस अभियान के तहत अगले तीन दिनों तक विभिन्न जिलों में जाकर मंडल स्तर की समितियों की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद सात जून से शक्तिकेंद्रों और अंत में बूथ स्तर पर सर्वेक्षण किया जाएगा। राज्य में भाजपा के राजनीतिक केंद्रीय पर्यवेक्षक मंगल पांडे खुद इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जबकि पार्टी के संगठनात्मक पर्यवेक्षक पवन बंसल पहले ही इस दिशा में काम की शुरूआत कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार, संगठन के भीतर ₹बूथ सशक्तिकरण₹ नामक यह आंतरिक कार्यक्रम भाजपा के लिए बेहद अहम बन चुका है, खासकर आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए। सूत्रों के अनुसार, सात मई को आयोजित एक संगठनात्मक बैठक में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी के आंतरिक ढांचे पर सवाल उठाए थे। उन्होंने संकेत दिया था कि मंडल,



शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर पर जो संगठनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं, उनकी जमीनी सच्चाई से मेल नहीं खाती। इस संदेह के बाद पवन बंसल ने दिल्ली से कॉल सेंटर के जरिए विभिन्न जिलों के भाजपा कार्यकताओं से संपर्क साधना शुरू किया। इसी प्रक्रिया में कई फर्जी आंकड़े उजागर हुए। केंद्रीय नेतृत्व का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली निराशाजनक परिणामों के पीछे इसी तरह के गलत आंकड़ों के आधार पर बनाई गई रणनीति जिम्मेदार रही। इसलिए इस बार वे आंकड़ों को सत्यापित कर नई रणनीति बनाने में जुटे हैं। तीन चरणों में चलने वाले इस अभियान में पहले वास्तविक स्थिति का आंकलन, फिर ढांचे में मौजूद खामियों को सुधारना और अंत में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कार्य करना शामिल है।

## अजमेर-उदयपुर हाईवे पर बस और ट्रक की टक्कर, 55 यात्री घायल

**ब्यावर :** अजमेर-उदयपुर हाईवे पर मंगलवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गुजरात के भावनगर से अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह से लौट रही वीडियो कोच बस लालपुरा के पास ट्रक से टकरा गई। हादसे में 55 यात्री घायल हो गए, जिनमें 25 की हालत गंभीर बताई जा रही है।


**हादसा रात करीब एक बजे हुआ।**

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे पीछे से आ रही बस का चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक में बस जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को राजकीय अमृतकौर अस्पताल ब्यावर लाया गया। गंभीर रूप से घायल 25 यात्रियों को भर्ती किया गया है, जिनमें एक बच्चा और 10 महिलाएं शामिल हैं। तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। बाकी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी यात्री दरगाह में जियारत करने के बाद अपने घर गुजरात लौट रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारू किया। ब्यावर पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। हादसे की जांच जारी है।

## कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल में राहत की बारिश, रातोंरात छह डिग्री गिरा तापमान

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के लोगों को मंगलवार की रात हुई तेज बारिश से भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। बारिश के बाद राजधानी कोलकाता में बुधवार को तापमान में एक ही झटके में छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक तापमान में थोड़ी और गिरावट हो सकती है, लेकिन उमस से राहत नहीं मिलने वाली। सप्ताहांत तक फिर से तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताए गए हैं। अलीपुर स्थित मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी दक्षिण बंगाल में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। उत्तर बंगाल के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। सभी जिलों में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। हालांकि, दक्षिण बंगाल में फिलहाल मानसून के आगमन की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 12 जून के आसपास मानसून दक्षिण बंगाल में दस्तक दे सकता है। बुधवार की सुबह कोलकाता



समेत दक्षिण बंगाल के कई इलाकों में मौसम सुहावना रहा। मंगलवार रात की बारिश की वजह से दिन चढ़ने के बावजूद गर्मी अपेक्षाकृत कम रही। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार और गुरुवार को दक्षिण बंगाल में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।कोलकाता, हावड़ा, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा झाड़ग्राम जिलों में गर्मी और उमस बनी रहेगी। दक्षिण 24 परगना और पश्चिम मेदिनीपुर के कुछ हिस्सों में लू जैसे हालात भी बन सकते हैं। बारिश और आंधी की संभावना जिन जिलों में जताई गई है, उनमें कोलकाता, हावड़ा, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व बर्दवान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नदिया शामिल हैं। बुधवार को न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 46 से 100 प्रतिशत के बीच रहा। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। मालदा, उत्तर व दक्षिण दिनाजपुर में भी कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। बारिश से तापमान में फिलहाल राहत मिली है, लेकिन बंगाल के अधिकांश जिलों में उमस भरी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। मानसून के आने तक लोगों को अस्थिर मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव झेलना पड़ सकता है।

## मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री दिव्यांगों को वितरित करेंगे हितलाभ, चयनित अभ्यर्थियों को सौंपेंगे नियुक्ति-पत्र

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (बुधवार को) भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के रजत जयंती ऑडिटोरियम में आयोजित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को हितलाभ वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर लोक-निर्माण विभाग में चयनित दिव्यांगजनों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी के-के जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पात्र



हितग्राहियों को सहायता उपकरणों का वितरण करेंगे, साथ ही उन्हें दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी देंगे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

## ग्वालियर: नीट परीक्षा में नंबर कम आने पर छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

**ग्वालियर :** ग्वालियर में नीट परीक्षा परिणाम में कम नंबर आने से आहत होकर एक छात्र ने अपने पिता की लायसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पहुंची और मृतक छात्र के शव को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार घटना मंगलवार देर रात महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम की है। मृतक छात्र का नाम निखिल प्रताप (18 साल) पुत्र बृजभान सिंह राठौर है। उसने इस साल नीट का एग्जाम दिया था और रिजल्ट में नंबर कम आए थे इसलिए वह बहुत ही डिप्रेशन में था।

## बांग्लादेश में गैस सिलेंडर से लदा ट्रक पलटा,लगी आग, जोरदार धमाका

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश के बिरसार में ब्राह्मणबारिया बाइपास के पास कोमिला-सिलहट राजमार्ग पर आज सुबह 200 से अधिक रसोई गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक पलट गया। इसके बाद ट्रक में आग लग गई और इससे कई विस्फोट हुए। अभी भी ट्रक में आग लगी हुई है। रुक-रुक कर सिलेंडर फट रहे हैं। इससे क्षेत्र में दहशत है। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, यह घटना आज सुबह 4:30 बजे की है। तब से घटनास्थल के आसपास विस्फोट की आवाज आ रही है। आग तेजी



से भड़क रही है। ब्राह्मणबरिया सदर मॉडल थाना मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि प्रत्येक विस्फोट के साथ सिलेंडर ऊपर की ओर उछल रहे है। पुलिस के अनुसार, सड़क की खराब हालत के कारण ट्रक पलट गया। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। संबंधित अधिकारियों को बाखबर कर दिया गया है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव ऊपरी स्तर से लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार में तेजी का रुख बनता हुआ नजर आया, लेकिन थोड़ी देर बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती कमजोरी के



साथ कारोबार कर रहे थे। इसके बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 1.13 प्रतिशत से लेकर 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट लिमिटेड, टीसीएस, कोल इंडिया और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 0.86 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत के गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,357 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,124 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,233 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 40.14 अंक की तेजी के साथ 80,777.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 80,967.68 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 89.84 अंक की मजबूती के साथ 80,827.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 17.95 अंक की बढ़त के साथ 24,560.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,612.75 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि पहले 5 मिनट के कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बन गया जाने के कारण इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 31.45 अंक की मजबूती के साथ 24,573.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगवार को सेंसेक्स 636.24 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,737.51 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भारत-नेपाल सीमा से चाइनीज नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल से एसएसबी ने एक चाइनीज नागरिक को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चाइनीज नागरिक की पहचान हुजेसी के रूप में हुई है, जो नेपाल के रास्ते भारत में बिना वैध वीजा प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सीमा सुरक्षा में जुटे जवानो ने एक नेपाली नागरिक को भी पकड़ा है,जो गाइड के रूप में चीनी नागरिक हुजेसी को भारत में अवैध रूप से प्रवेश दिलाने में मदद कर रहा था। एसएसबी के जवानों ने जब दोनों को रोका और जांच की, तब पाया कि चाइनीज नागरिक के पास भारत में प्रवेश के लिए कोई वैध वीजा या दस्तावेज मौजूद नहीं था। फिलहाल दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके साथ सुरक्षा एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है,कि आखिर चीनी नागरिक हुजेसी भारत में किस मकसद से अवैध रूप से प्रवेश करना चाह रहा था।इसके साथ सुरक्षा एजेंसी उस नेपाली गाइड से भी यह पता लगाने में जुटी है,वह यह काम कब और कैसे शुरू किया? इसके पूर्व वह और कितने विदेशी नागरिक को अवैध रूप से भारत में प्रवेश तो कराया है,इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह के दौरान भारत-नेपाल सीमा से अब तक पांच चाइनीज नागरिकों को गिरफ्तार किया जा चुका है।जिसके बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। भारत-नेपाल पर सीमा पर चौकसी बढा दी गई है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया सीमा पर गश्त और निगरानी बढा दी गई है।इसके साथ ही भारतीय खुफिया एजेंसी भी सतर्कता बरत रही है।

### धनसिरी पांचनै और ब्रह्मपुत्र की बाढ़ से ओरांग नेशनल पार्क में भयावह स्थिति

**ओरांग (असम) :** असम के ओरांग राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों गंभीर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। धनसिरी पांच नै और ब्रह्मपुत्र में अचानक जलस्तर बढ़ने से पार्क का लगभग 40 फीसदी हिस्सा जलमग्न हो चुका है। उद्यान के दक्षिणी हिस्से में ब्रह्मपुत्र, धनसिरी पांच नै नदियों का पानी घुसने से वन्य जीवों पर खतरा मंडराने लगा है। हालांकि, अनेक जानवर सुरक्षित ऊंचे स्थानों की ओर चले गए हैं, फिर भी हालात बेहद चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं।द बाढ़ की सबसे अधिक मार पार्क के 12 कैंपों पर पड़ी है, जिनमें खयराछाली और बाली कैंप में तो पानी की गहराई सात फुट तक पहुंच गई है। इन विकट परिस्थितियों में भी वन विभाग के कर्मी नाव के सहारे लगातार गश्त कर रहे हैं ताकि एक सींग वाले गैंडे समेत अन्य जानवरों को शिकारी तत्वों से बचाया जा सके। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम से ही धनसिरी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिससे पूर्वी हिस्से के कई कैंपों में अचानक पानी भर गया। उद्यान प्रशासन के अनुसार, स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### बलरामपुर : कल मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व, बन रहा अद्भुत संयोग

**बलरामपुर :** ज्येष्ठ महीने की शुक्लपक्ष के दशमी तिथि को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा पर्व का हिंदू धर्म में बड़ा ही महत्व है। इस दिन राजा भगीरथ के तप से पतित पावनी मां गंगा देवलोक से धरती पर अवतरण हुई थी, इसीलिए इस दिन गंगा दशहरा मनाने की परंपरा है। कल यानी 5 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। इस दिन गंगा दशहरा पर्व पर 10 में से 6 योग विद्यमान रहेंगे। जिसमें ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, मध्यान्ह में व्यातिपात योग, हस्त नक्षत्र, कन्या राशि का चंद्रमा, वृषभ राशि का सूर्य यह छह योग रहेगी। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर स्नान व दान-पुण्य से सुख समृद्धि आती है। रामानुजगंज के पंडित विकास तिवारी के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन शाही स्नान का समय सुबह 4 बजकर 59 बजे से सुबह 6.42 बजे तक, सामान्य स्नान सुबह 5 बजकर 15 मिनट से पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा गुलिक काल मुहूर्त सुबह 8 बजकर 24 बजे से 10.6 बजे तक, चर लाभ अमृत मुहूर्त सुबह 10. 06 बजे से अपरान्ह 3.15 बजे तक रहेगा। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, इस दिन भगवान राम के पूर्वज राजा भागीरथ के तप से प्रसन्न होकर मां गंगा की धारा धरती पर अवतरित हुई थी। पाप नाशिनी गंगा अपने साथ कई पुण्य और सुख समृद्धि साथ लेकर आयी थीं। भगवान श्रीराम ने इसी दिन रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना भी की थी। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को संवत्सर मुखी की संज्ञा दी गई है। इसमें पुण्यफल की प्राप्ति हेतु स्नान और दान का बहुत ही महत्व माना गया है। गंगा दशहरा की शुरूआत? ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर आज देर रात 11 बजकर 54 मिनट पर शुरू होकर 5 जून की देर रात 2 बजकर 15 मिनट पर समापन होगा। इस तरह 5 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। ज्योतिष के अनुसार गंगा दशहरा पर रवि और सद्धिर्दा योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। रवि योग दिन भर रहेगा। वहीं, सिद्ध योग सुबह 9 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। इस योग में जीवन में शुभ परिणाम मिलेंगे।

### गुजरात लौट रही बस को लखनऊ में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक घायल

**लखनऊ :** पश्चिम बंगाल से गुजरात के लिए लौट रही ट्रैवेल बस को लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में कानपुर शहर की एक व्यवसायिक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक चालक शुभम घायल हो गया और उसे पुलिसकर्मियों ने अपेक्स ट्रामा सेंटर भिजवाया। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ रूनवाल ने पत्रकारों को बताया कि बीती रात एक बजे के करीब गोसाईगंज के दुलार मऊ गांव के निकट हाइवे पर बस (जीजे 11 डब्लू 0883) को पीछे से कानपुर के सजेती इलाके की व्यावसायिक ट्रक (यूपी 78 जेटी 3213) ने टक्कर मार दी। इसमें बस के पिछले हिस्से में ट्रक घुस गयी, जिसके बाद क्रेन बुलाकर ट्रक को निकाला गया। ट्रक चालक शुभम को चोट आयी देखकर उसे पहले सीएचसी ?भेजा गया और वहां से वह ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बस में करीब चालीस यात्री सवार रहे, जिन्हें सकुशल बस से निकाल लिया गया। किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आयी है। इसके बाद बस की बुधवार की सुबह तक मरम्मत करा के यात्रियों के साथ गुजरात रवाना करा दिया गया है। घटनास्थल पर एडीसीपी दक्षिणी अमित कुमावत भी पहुंचें और उन्होंने मौके का जायजा लिया।

### करंट की चपेट में आने से महिला-बेटी और दामाद की मौत, एक अन्य बेटी गंभीर रूप से झुलसी

**अजमेर :** केकड़ी उपखंड के सावर थाना क्षेत्र के बिसुन्दनी गांव में बुधवार सुबह मकान की तराई के दौरान करंट लगने से विधवा महिला, उसकी बेटी और दामाद की मौत हो गई। एक अन्य बेटी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब सात बजे उस वक्त हुआ जब गांव की प्रेमी देवी (60) के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। काम में मदद के लिए उनकी बेटी माया देवी (45) और दामाद कंवरलाल (50) निवासी कादेड़ा (केकड़ी) भी वहां मौजूद थे। इस दौरान मकान की छत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से करंट फैल गया और प्रेमी देवी, माया देवी, कंवरलाल और दूसरी बेटी तारा देवी (22) उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से चारों झुलस गए। ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें सावर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रेमी देवी, माया देवी और कंवरलाल को मृत घोषित कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

## बिहार की ट्रेनों में भीड़ से बक्सर एक्सप्रेस में 3 दिन लगेगा अतिरिक्त कोच

**जमशेदपुर:** टाटानगर टाटानगर से बिहार मार्ग की सभी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। इससे बक्सर एक्सप्रेस में 5,6 और 7 जून को एक अतिरिक्त जनरल कोच लगाने का आदेश दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से आया है ताकि बिहार के यात्रियों को बैठने की सीट मिल सके। जानकारी के अनुसार, शादी विवाह के लग्न बकरीद का त्योहार और बच्चों के स्कूल कॉलेज में छुट्टी के कारण टाटानगर से चलने वाली दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस टाटानगर छपरा एक्सप्रेस और बिलासपुर पटना एक्सप्रेस में यात्रियों की भी ज्यादा है। इससे साउथ बिहार और छपरा एक्सप्रेस के स्लीपर में रोज वेटिंग 50 से ज्यादा हो जा रही है।

## पटमदा में बंद का कोई असर नहीं

**पटमदा:** विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा 4 जून को आहुत झारखंड बंद कार्यक्रम का पटमदा, कमलपुर एवं बोड़ाम थाना क्षेत्रों में कोई भी असर नहीं दिखा। यहां अन्य दिनों की भांति सामान्य अवस्था में लोग कामकाज करते नजर आ रहे हैं और वाहनों का परिचालन भी सामान्य है। सुबह से दोपहर साढ़े 12 बजे तक किसी भी क्षेत्र में कोई भी संगठन से जुड़े लोगों के सड़क पर नहीं उतरने से बंद को लेकर कोई चर्चा भी नहीं हुई। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से चौक चौराहों पर गस्ती अभियान चलाया जा रहा है।

## रेलकर्मियों को आपदा प्रबंधन में दक्ष कर रहा है सिविल डिफेंस

**जमशेदपुर:** टाटानगर के रेलकर्मियों को सिविल डिफेंस आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दे रहा है। दुर्घटना व प्राकृतिक आपदा के दौरान रेस्क्यू और प्राथमिक उपचार करने के अलावा आग लगने पर फायर संयंत्र के प्रयोग की विधि बताए जाते हैं। सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार के अनुसार, रेल कर्मचारियों को समय-समय पर मॉकड्रील कर सतर्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि, मॉकड्रिल एवं राहत कार्य प्रशिक्षण में तीन जोन के कर्मचारी एवं लोको पायलट भाग लेते हैं। इधर, दक्षिण पूर्व जोन में आपदा के समय बचाव एवं राहत कार्य चलाने के लिए करीब 500 सिविल डिफेंस के वालंटियर की संख्या बढ़ाने की तैयारी शुरू है।

## लक्खा को बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया

**जमशेदपुर :** जनता दल (यूनाइटेड) के जिला महासचिव सरदार कुलविंदर सिंह पन्नू ने किशनगंज बिहार के निवासी एवं तख्त श्री पटना साहिब जी प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष सरदार लखविंदर सिंह लक्खा को बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया। पन्नू ने सरदार लखविंदर सिंह लक्खा को बधाई दी और कहा कि संगत को उनपर पूर्ण विश्वास है कि बिहार में निवास करने वाले सिख समुदाय के लोगों की जो भी समस्याएं हैं उनका यथोचित समाधान करने के लिए वे सदैव सक्रिय होकर तत्परता से कार्य करेंगे।

## पुराना बाजार में स्कूटी-कार की टक्कर के बाद मारपीट

**धनबाद :** पुराना बाजार में स्कूटी और कार में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार सवार युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। दुकानदार हेमचंद मित्तल ने बताया कि पुराना बाजार स्थित उनकी कपड़े की दुकान के सामने उनकी स्कूटी लगी थी। इस दौरान कार से मनईटांड़ के अमन अग्रवाल पहुंचे और स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध किया तो कार से निकलकर मारपीट करने लगे। इसके बाद वे वहां से चले गए। थोड़ी देर के बाद अपने परिजनों के साथ वापस पहुंचा और सभी मिलकर मारपीट करने लगे। आरोप लगाया कि गले से सोने की चेन और हाथ से ब्रेसलेट छीन ली।

## झारखंड में एसआईटी को बड़ी सफलता, धनबाद में पकड़े गए 4 डकैत; 15 केस में थे वांटेड



**धनबाद :** झारखंड एसआईटी को बड़ी कामयाबी मिली है। धनबाद के बालीडीह ओपी क्षेत्र के मानगो में रेस्टोरेंट संचालक के घर 31 जनवरी रात डकैती में शामिल चार अंतरप्रांतीय डकैतों को एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से एक लोडेड पिस्टल, दो बाइक, मोबाइल और डीवीआर बरामद किया गया है, जिसे आरोपी उस घर से घटना के बाद साथ ले गए थे।

गिरफ्तार आरोपी धनबाद जिले के कतरास स्थित तेलियाबांध निवासी असगर अंसारी, कतरास गोहियाबांध निवासी सलमान अंसारी, धनबाद गोमो बस्ती निवासी जमालुद्दीन अंसारी, धनबाद हरिहरपुर निवासी राजू सोनार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना की रात रेस्टोरेंट संचालक शंकर महतो को पूरे परिवार के साथ बंधक बनाकर ढाई घंटे तक लूटपाट की गई थी। एक फरवरी को मामला सामने आने के बाद हेडक्वार्टर डीएसपी अनिमेष गुप्ता के नेतृत्व में इंस्पेक्टर नवीन सिंह, सब इंस्पेक्टर आनंद आजाद, संदीप कुमार, शशिकांत ठाकुर, जितेंद्र यादव, वीरमणि कुमार के साथ टेक्निकल सेल को शामिल कर एसआईटी का गठन किया गया था। जांच में ये तथ्य मिले कि घटना को बिहार, झारखंड और बंगाल के मोस्ट वांटेड अंतरप्रांतीय डकैत गिरोह ने अंजाम दिया है। गिरोह का सरगना गिरफ्तार असगर अंसारी है, जिसकी गिरफ्तारी में तीनों राज्यों की पुलिस मशक्कत कर रही थी। ये गिरोह अपने सदस्यों के जरिए तीनों राज्यों में लूट व डकैती का पर्याय बन चुके थे।

**शादी से चकमा देकर भागा :** बिरनी और डुमरी डकैती के तौर तरीकों को आधार बनाते हुए आपके अपने लोकप्रिय अखबार हिन्दुस्तान ने 10 फरवरी के अंक में गिरोह को चिन्हित करते हुए खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद पुलिस जांच का दायरा बढ़ा, पुलिस टीम ने टेक्निकल इनपुट के आधार पर कतरास के एक निकाह में असगर का घेराबंदी की, पर बारात में शामिल भीड़ का फायदा उठाकर वो भाग निकला। पर बालीडीह एसआईटी लगातार उसके टोह में लगी रही।

**धनबाद से गहने बरामद :** गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर धनबाद हरिहरपुर के आराध्या ज्वेलर्स से लूट के जेवर बरामद किए गए हैं। मानगो से 40 हजार नगद के साथ छह लाख के सोने-चांदी के जेवर लूटे गए थे। जिसे गिरफ्तार राजू सोनार के पास खपाया गया था। आरोपी राजू सोनार अंतरप्रांतीय डकैत गिरोह का एक विंग है, जो डकैती के बाद सोने-चांदी का जेवर खपाने का काम करता है।

**15 मामलों में वांछित हैं डकैत :** एसपी ने बताया कि गिरफ्तार डकैत सरगना बिहार, झारखंड और बंगाल के 15 मामलों में वांछित हैं। ये पेशेवर अपराधी हैं, जो लंबे समय तक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद रहे। 31 दिसंबर 2024 को जेल से बाहर आकर गिरोह के सदस्यों को एक्टिव कर ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दिया। तीन जनवरी को इसने अपने सात सदस्यीय टीम के साथ गिरिडीह के बिरनी में भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद 31 जनवरी की रात बोकारो के मानगो में डकैती की। फिर फरवरी में डुमरी में डकैती की। ताबड़तोड़ घटनाओं के बाद पुलिस दबिश बढ़ी तो लोकेशन बदलने लगा, बंगाल, बिहार और झारखंड में भागता रहा। इस बीच गिरोह के तीन सदस्य गिरिडीह पुलिस के हाथों गिरफ्तार हुए। पर मास्टरमाइंड की तलाश अब भी बरकरार थी, जिसे इंस्पेक्टर नवीन सिंह की एसआईटी ने पूरा किया।

# डीसी ने किया वेयर हॉउस का निरीक्षण



मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कंचन सिंह ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा उपकरणों की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी से ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली.निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, उनकी रिकॉर्डिंग प्रणाली तथा कंट्रोल रूम की स्थिति का मूल्यांकन किया। साथ ही सुरक्षा में लगे सशस्त्र बलों के लॉग बुक, तैनाती व्यवस्था एवं अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की। उन्होंने सभी सुरक्षाकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सजग रहने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत रखे गए मशीन रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित रख-रखाव तथा गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु उचित निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अमृत मिंज, नगर परिषद प्रशासक समीर बोदरा सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आजसू पार्टी के श्री धुपेंदर, झारखंड मुक्ति मोर्चा नोआस केरकेट्टा, भारतीय जनता पार्टी मनोज कुमार चौबे, आम आदमी पार्टी श्री विनोद क्रिकेटर, राष्ट्रीय जनता दल श्री दिनेश यादव उपस्थित थे.

# सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की




**सिमडेगा :** सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री से रांची में शष्टाचार भेंट किया। इस दौरान सिमडेगा जिलान्तर्गत विध-व्यवस्था, सड़का सुरक्षा, मानव तस्करी, डायन प्रथा, अवैध शराब, साईबर अपराध से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

# रामगढ़ डीसी ने मुख्यमंत्री से किया भेंट

बिनय मिश्रा

रामगढ़ के नव पदस्थापित उपायुक्त फैज़ अक अहमद मुमताज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी और पुष्प गुच्छ भेंट किया विदित हो कि रामगढ़ के
14 वें उपायुक्त के रूप में फैज़ अक अहमद मुमताज की पदस्थापना 26 मई को हुई और उन्होंने 27 मई को अपना पदभार ग्रहण किया और आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। विदित हो कि फैज़ अक अहमद मुमताज भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व वे जामताड़ा जिला के रामगढ़



जिला के लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं।इनकी सादगी, मृदुभाषिता तथा लोगों से सीधा जनसंवाद इनकी विशेषता है लोगों की समस्या और पीड़ा जानने के पश्चात तत्क्षण प्रयास जिला वासियों के लिए राहत है।विदित हो कि श्री मुमताज अपने बेहतर कार्य प्रणाली उपलब्धि और कामयाबी भरे कार्यों एवं जनसमस्याओं के निराकरण करने के फलस्वरूप झारखंड के लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं।

# कोल्हान डीआईजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया मुलाकात

**ज्योति पाठक**

कोल्हान के 19 वें डीआईजी के रूप में पदस्थापित अनुरंजन किस्पोटा ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी और तस्वीर भेंट किया विदित हो कि कोल्हान के 19 वें डीआईजी के रूप में अनुरंजन किस्पोटा की पद स्थापना 27 मई को हुई उन्होंने 28 मई को अपना प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की।
विदित होकर भारतीय पुलिस सेवा 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी



श्री किस्पोटा अपने बेहतर कार्य प्रणाली और उपलब्धि के लिए पहचाने जाते हैं। इससे पूर्व वे साहेबगंज के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहे हैं।

# 'डरा हुआ आदमी' का व्यंग्यात्मक मंचन प्रस्तुत किया गया



मेट्रो रेज संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर की प्रचलित संस्था प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट चक्रधरपुर के द्वारा 4 जून को मोटिवेशन तथा एकल मंचन का आयोजन टोकलो रोड स्थित हंसदा भवन में किया गया। इस आयोजन में बतौर प्रशिक्षक शहर के ख्यातिलब्ध स्टोरी टेलर सह टी.वी एक्टर दिनकर शर्मा को आमंत्रित किया गया था। एकल मंचन करने के पहले शर्मा जी ने बच्चों को पढ़ाई में कैसे मन लगाए तथा बच्चों को मोटिवेट किया।
दिनकर शर्मा ने ज्ञान चतुवेर्दी लिखित कहानी " डरा हुआ आदमी " जो कि समसामयिक विषय पर केंद्रित है की व्यंग्यात्मक प्रस्तुति से जहाँ उपस्थित दर्शकों को हँसाते हुए एक आम आदमी की हालातों को समझाया ।
दर्शकों ने दिनकर की कला, अभिनय और असाधारण प्रस्तुति की मुखर होकर खूब प्रशंसा और सराहना की।
आयोजन में विशेष रूप से प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक हिमांशु प्रधान और उनके पिता जी सत कुमार प्रधान की सक्रीय और सार्थक भूमिका रही। आयोजन में मुख्य रूप से अनुराग शर्मा, उत्कर्ष कुमार, कमल केसरी, जय प्रकाश प्रधान, कैलाश प्रधान, गुरु देव महतो, अंकित कुमार,देव रंजन दास, सूरज प्रधान,मदन प्रमाणिक, आदर्श प्रधान, रिंकू प्रधान, विदुषी प्रजापति, भूमिका महतो, दिक्षा दूबे, अंचल साव, खुशी कुमारी पोद्दार, सागरिका प्रधान,दिपांविता सिंहदेव, अंतरा उरॉव,आशिका कच्छप, शिल्पी प्रधान, आयूष साव,अमन साव, मयंक प्रियम,रौनक कुमार गुप्ता,निशा सामड, स्वीटी कुमारी, पूजा बोदरा आदि शामिल थे।
प्रेरणा केरियर इंस्टीट्यूट चक्रधरपुर परिवार से मिले प्रेम और सम्मान के लिए दिनकर ने सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।



## सिल्ली मुरी में आदिवासी संगठन द्वारा आहूत झारखंड बंद बेअसर

**मुरी :** आदिवासी संगठन द्वारा आहूत झारखंड बंद का मुरी सिल्ली में बे असर रहा। दुकानें खुली रही, यातायात समान्य रूप से रही पर बड़ी गाड़ियां नहीं चल रही थी।आम लोगों का रोजमर्रा का काम में दिक्कत नहीं आया। बैंक का दफ्तर खूली रही।रेल यातायात समान्य रूप से बारह बजे के पहले तक ठीक रही।

## सोशल मीडिया के अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई: पुलिस

बरकट्ठा : बकरीद पर्व को लेकर बरकट्ठा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ श्रवण कुमार झा और संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने की। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थानाप्रभारी गौतम कुमार उरांव मौजूद थे। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन को मानते हुए त्योहार मनाना चाहिए। कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। लोंगो ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि जहां के लोग त्योहार में हुड़दंग करते हैं, वहां के लोग शांति समिति की बैठक में नहीं आते हैं।
बैठक में पूर्व मुखिया बसंत साव, मोइन अंसारी, इस्रायल अंसारी, केदार साव, मुखिया शंकर रविदास, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, अर्जुन राणा, जीवन यादव, कासिम अंसारी, इंद्रजीत प्रसाद, रामखेलावन यादव, पंसस यूसुफ अंसारी, गुलजार अंसारी, सरयू प्रसाद, कलीम अंसारी, जाकिब, कमरूद्दीन, समशुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

## उपमुखिया ने बेटी के जन्मदिन पर पौधारोपण किया

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड के बेडम के उपमुखिया मनोज कुमार ने अपनी पुत्री तनु कुमारी का पहला जन्मदिन फलदार और छायादार पौधों का वितरण और पौधरोपण कर मनाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस समय बारिश का मौसम आ गया है। इसमें अधिक से अधिक फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा बनाएं। इस दौरान उन्होंने 30 लोगों के बीच आम, लीची, गम्हार, नींबू के पौधों का वितरण किया। बेटी के द्वारा भी पांच पौधे लगाए गए। उपमुखिया मनोज कुमार ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि वृक्षों से हमें छाया के साथ फल भी मिलते हैं और वृक्ष हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही पर्यावरण को संतुलित करने में सहायक होते हैं। मौके पर लालमोहन कुमार महतो, रीतलाल महतो, जग्रनाथ महतो, द्वारिका महतो, देवनारायण महतो, पप्पू कुमार, महेंद्र भारती, जुगेश्वर महतो, तुलेश्वर कुमार, नरेश रविदास, बंटी कुमार, बुधनी देवी, संजू कुमारी, तुलिया देवी आदि मौजूद रहे।

## कतरास से रेल पटरी काट कर चुरा रहे गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

धनबाद। कतरास के पास आरपीएफ ने सोमवार की रात सात-आठ लोगों को गैस कटर की मदद से रेल पटरी के बगल में पड़ा रेल लाइन काटते देखा। आरपीएफ की टीम ने पीछा कर उसमें से एक आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम राजा कुमार उर्फ राजा नोनिया है। वह मलकेरा कतरास का रहने वाला है। आरपीएफ ने मंगलवार को उसे जेल भेज दिया। उसके पास से आरपीएफ ने कटी हुई रेल पटरी और गैस कटर बरामद किया। उसने बताया कि कुछ दिन पहले से वह अपने साथी नौशाद एवं शौकत के साथ योजना बना कर रेल पटरी की चोरी कर रहा था।

# धनबाद में 5 लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी, डीवीसी ने काट दिया कनेक्शन

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद :** बकाया बिजली बिल को लेकर डीवीसी ने मैथन जलापूर्ति योजना का कनेक्शन काट दिया है। इस कारण मैथन का पानी धनबाद नहीं पहुंचा। इसका खामियाजा शहरी क्षेत्र के पांच लाख से अधिक उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।
बता दें कि मैथन शहरी जलापूर्ति योजना पर धनबाद शहरी क्षेत्र की लगभग पांच लाख की आबादी निर्भर है। इसके लिए मैथन में इंटेक वेल बना है, जहां डैम का पानी जमा होता है। पानी को बिजली के मोटर से भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाता है। यहां पानी साफ कर शहरी क्षेत्र की 19 जलमीनारों से घरों में आपूर्ति की जाती है। बकाया बिजली बिल के कारण डीवीसी ने मैथन इंटेक वेल की बिजली सुबह 10.35 बजे काट दी। इस कारण मोटर चलना बंद हो गया और भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को पानी नहीं मिला। हालांकि पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के आग्रह पर रात आठ बजे डीवीसी ने बिजली चालू कर दी है। बावजूद शहर को पानी नहीं मिल पाएगा।
अधिकारियों की मानें तो मंगलवार की सुबह तक भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे पानी से इसी दिन आपूर्ति कर दी गई। दिनभर बिजली नहीं रहने के कारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरह सूख गया है। मैथन में एक बार मोटर बंद होने के बाद दोबारा वहां से पानी धनबाद पहुंचने में सात से आठ घंटे लगते हैं। इतना ही समय पानी की सफाई में लगता है। बुधवार की सुबह चार से पांच बजे तक मैथन का पानी भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा। अधिकारियों की मानें तो यहां पानी जमा होने के बाद सफाई होगी, जिसमें शाम हो जाएगा। ऐसे में दिन में शहर में जलापूर्ति संभव नहीं है। पानी जमा होने के बाद शाम में कुछ जलमीनारों से जलापूर्ति हो सकती है, जिसमें भी संशय है। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत प्रतिदिन शहर में 55 से 60 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है। निगम क्षेत्रों के 32 हजार कनेक्शनधारियों



के घरों में जलापूर्ति होती है। मैथन में समस्या होने के कारण बुधवार को लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचेगा और उन्हें परेशानी झेलनी पड़ेगी।
3.5 करोड़ रुपए बकाया
पेयजल व स्वच्छता विभाग पर डीवीसी का लगभग 3.5 करोड़ रुपए बकाया है। हर महीने औसतन 1.17 लाख रुपए का बिजली बिल होता है। 28 मार्च को फरवरी तक का बकाया भुगतान कर दिया गया था। चालू वित्तीय वर्ष में एक माह का भुगतान नहीं किया गया है। अधिकारियों के अनुसार आवंटन नहीं आने के कारण यह परेशानी हो रही है। विभाग को आवंटन के लिए लिखा गया है।
नोटिस के बाद काटी बिजली
अधिकारियों की मानें तो डीवीसी ने बकाया भुगतान के लिए पेयजल व स्वच्छता विभाग को लगातार नोटिस भेजा था। साथ ही बिजली काटने की चेतावनी दी थी। बीच में भी एक बार बिजली काटी गई। फिर लिखित आश्वासन के बाद बिजली दी गई। दोबारा उसने नोटिस देकर दो जून तक भुगतान नहीं होने पर बिजली काटने का नोटिस दिया था। भुगतान नहीं हुआ और उसने बिजली काट दी। इस बाबत पेयजल व स्वच्छता विभाग के मैकेनिकल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मयंक कुमार ने कहा कि डीवीसी का लगभग 3.5 करोड़ रुपए बकाया है। इसको लेकर उसने बिजली काट दी। दिनभर बिजली नहीं रहने के कारण बुधवार को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।